डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 25.11.2024 से 01.12.2024 ▶ वर्ष 41 ▶ अंक 48 ▶ मूल्य ₹ 10.00

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 592.30 करोड़ से अधिक की मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय का किया भूमिपूजन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 के पहले बनेगी प्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय

- महाकाल की निगरानी में होगा अब हर बीमारी का इलाज
- दुनियाभर में जाना जायेगा उज्जैन का मेडिसिटी
- प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर उज्जैन में मेडिकल टूरिज्म भी होगा

उज्जैन, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन को मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात दी है। सिंहस्थ के पहले यह महत्वाकांक्षी प्राजेक्ट तैयार हो जायेगा। इस नवीन व्यवस्था से महाकाल की निगरानी में अब हर बीमारी का इलाज होगा। आने वाले समय में उज्जैन की मेडिसिटी दुनियाभर में पहचानी जायेगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में हाईटेक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मेडिकल डिवाइस पार्क भी विकसित होगा। एक ही परिसर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाईराइज बिल्डिंग बनाई जाएगी तथा एक-एक इंच भूमि का उपयोग किया जायेगा और चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ आदि के लिए आवासीय व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2003-04 तक प्रदेश में कुल पांच मेडिकल कॉलेज थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अब प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जिनमें 17 सरकारी हैं और 13 निजी क्षेत्र के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज सहकार के साथ व्यवस्थाएं बनाएंगे। अगले वर्ष 12 मेडिकल कॉलेज और तैयार हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित भूमिपूजन समारोह को संबोधित किया

मेडिकल टूरिज्म की स्थापना होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिंहस्थ-2028 के पहले प्रारंभ होगा। उज्जैन में प्राइवेट सेक्टर के साथ मेडिकल टूरिज्म की स्थापना भी की जाएगी। उज्जैन में प्रदेश ही नहीं, बल्कि विदेशी मरीजों का भी उपचार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम् योजना शुरू करने के बाद राज्य सरकार ने भी तीन महीने में ही गंभीर मरीजों को एयर लिफ्ट कर बड़े चिकित्सालयों में उपचार कराने की सुविधा शुरू की है।

प्रदेश की पहली मेडिसिटी

उज्जैन में निर्मित होने वाली प्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं मेडिकल कॉलेज 14.97 एकड़ में 592.3 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इसमें 6 हाईराइज टॉवर होंगे। टीचिंग हॉस्पिटल का भवन 9 मंजिला होगा, जिसमें बेसमेंट भी शामिल है। मेडिकल कॉलेज का भवन 8 मंजिला होगा इसमें भी बेसमेंट बनाया जाएगा। नर्सेस होस्टल, आरडीएच ब्लॉक तथा यूजी इंटर्न गर्ल्स होस्टल के भवन 14 मंजिला होंगे। वहीं यूजी इंटर्न बॉइस होस्टल का भवन 11 मंजिला होगा। मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय सम्पूर्ण रूप से दक्ष होगा इसमें रिसर्च एंड डवलपमेंट की सभी सुविधाएं होंगी।

संक्षिप्त खबर

प्रधानमंत्री का सम्मान विश्व में बढ़ते वर्चस्व का प्रमाण

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्रैंड कमाण्डर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर'' से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व का क्षण ही नहीं, अपितु वैश्विक परिदृश्य में भारत के बढ़ते वर्चस्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक और कीर्तिमान, एक और वैश्विक सम्मान से पूरे विश्व में माँ भारती का गौरव बढ़ा है।

प्रो. त्रिपाठी बने राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु

भोपाल, राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिन्दवाड़ा के कुलगुरु के पद पर प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी को नियुक्त किया है। प्रो. त्रिपाठी महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, जिला सतना के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता हैं। उनका कार्यकाल, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष तक अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, के लिए रहेगा।

विक्रम उद्योगपुरी को मिला स्वच्छ औद्योगिक पार्क का अवॉर्ड

दिल्ली, उज्जैन-देवास रोड स्थित 'विक्रम उद्योगपुरी' को सबसे स्वच्छ औद्योगिक पार्क घोषित किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने दिल्ली के भारत मंडपम में यह पुरस्कार प्रदान किया। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के कार्यकारी निदेशक, श्री राजेश राठौड़ ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया। इस समारोह में कुल 15 औद्योगिक पार्कों को स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया था।

मध्यप्रदेश में पहली बार हुई जंगली हाथी की रेडियो कॉलरिंग

उमरिया, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के एक नर जंगली हाथी को 20 नवम्बर को सफलतापूर्वक सैटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाया गया। रेडियो कॉलर पहनाने के बाद जंगली हाथी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र ताला की बीट दमना के कक्ष क्रमांक 332 में छोड़ा गया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव श्री एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार जंगली हाथी की रेडियो कॉलरिंग की गई है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में निर्णायक कदम है यूके-जर्मनी की यात्रा

भोपाल, मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री का यह विदेश दौरा मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के साथ मुंबई, बैंगलुरु, कोयंबटूर और कोलकाता में चार रोड-शो की अभूतपूर्व सफलता के बाद, यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। उद्योग वर्ष 2025 को प्रदेश में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव छह दिवसीय इस विदेश यात्रा में यूके के लंदन, बर्मिंघम तथा जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा कर औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

विश्व पटल पर प्रदेश की पहचान बनेगी यात्रा

मुख्यमंत्री की यह रणनीतिक विदेश यात्रा मध्यप्रदेश के लिए निवेश आकर्षित कर राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने तथा विश्व पटल पर उद्योग के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभायेगी। यह यात्रा मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखी जा रही है।

मुख्यमंत्री की यह यात्रा राज्य में निवेशकों का भरोसा मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री का यह विदेश दौरा मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के विश्वास को सुदृढ़ करेगा और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा, जिससे प्रदेश में एक समृद्ध औद्योगिक वातावरण का निर्माण संभव हो सकेगा।

400 से अधिक प्रवासी भारतीय होंगे सम्मिलित

मुख्यमंत्री 25 नवम्बर को वेस्टमिंस्टर स्थित ब्रिटिश संसद के साथ ही किंग्स क्रॉस और पुनर्विकास स्थलों का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री लंदन में "फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश'' प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित रात्रि-भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें 400 से अधिक प्रवासी भारतीय सम्मिलित होंगे।

नए उद्योगों और निवेश संवर्धन प्रयासों से सवा तीन लाख से अधिक को रोज़गार

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पूर्व मंत्रिपरिषद के सदस्यों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योग और निवेश संवर्धन प्रयासों से बड़ी संख्या (सवा तीन लाख) में लोगों को रोज़गार मिलेगा। वर्ष 2024 में प्रदेश के विभिन्न संभागों में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के कई नगरों में हुए इंटरेक्टिव सेशन के फलस्वरूप उद्योगों के विकास का वातावरण बना है। प्रदेश में करीब दो लाख 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश आ रहा है। प्रदेश में वर्ष 2025 उद्योग वर्ष होगा। इस वर्ष प्रदेश में संपन्न औद्योगिक विकास गतिविधियों का विशेष महत्व रहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' से गुजरात के गोधरा में वर्ष 2002 में हुई घटना का सच सामने आया है। इस घटना को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने इस फिल्म को टैक्स फ्री किया है।

वायु गुणवत्ता सुधार के लिये माइक्रो लेवल एक्शन प्लान बनायें : मुख्य सचिव



भोपाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) अंतर्गत प्रदेश स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में शहरों की वायु गुणवत्ता सुधार के लिये माइक्रो लेवल एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने एनकेप अंतर्गत चिन्हित प्रदेश के नॉन अटेनमेंट शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास एवं सागर के कलेक्टर-कमिश्नर को आगामी बैठक में स्वच्छ वायु के लिये एक्शन प्लान प्रस्तुत करने को कहा है। आयुक्त नगरीय निकाय एवं आवास ने एनकेप में चिन्हित प्रदेश के नॉन अटेनमेंट शहरों की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदेश के शहरों की वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) की जानकारी प्रतिदिन प्रस्तुत की जा रही है जिसके अनुसार प्रदेश के 07 नॉन-अटेनमेंट शहरों के अतिरिक्त सिंगरौली, मण्डीदीप एवं पन्ना का वायु गुणवत्ता सूचकांक भी खराब से बहुत खराब श्रेणी का आ रहा है। इनके सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक माइक्रो लेबल की प्लानिंग करें।

स्प्रिंकलर एवं ग्रीन नेट की समुचित व्यवस्था

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि कृषि विभाग द्वारा वर्तमान में कार्यरत एक्सटेंशन प्रोग्राम में सर्वाधिक फायर इंसीडेंस वाले गांवों को आवश्यक रूप से शामिल किया जाये तथा इस बावत् विस्तृत कार्ययोजना जिसमें टारगेट एवं अचीवमेंट की जानकारी (संख्यात्मक रूप में) आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव ने कहा कि धूल प्रदूषण नियंत्रण के लिये शहरों में निर्माणाधीन स्थलों पर पानी छिड़काव के लिये स्प्रिंकलर एवं ग्रीन नेट इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जाये।

अभियान चलाकर करें कार्यवाही

मुख्य सचिव ने कहा कि शहरों के आसपास के क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल रोक के लिये माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालनार्थ प्रावधानित दण्ड की कार्यवाही विशेष अभियान चलाकर की जाये। इसके साथ-साथ उनको व्यवहारिक समझाइश (कॉउंसलिंग) देने के लिये समय-समय पर कार्यक्रम भी आयोजित करें।

16 नवम्बर

अब छात्र दो वर्ष में कर सकेंगे स्नातक

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) स्नातक 2025-26 शैक्षणिक सत्र से स्नातक की डिग्री पूरी करने के लिए छात्रों को अधिक लचीलापन देने की योजना बना रहा है। इसके तहत स्नातक डिग्री जो तीन से चार वर्ष में पूरी होती है, उसे छात्र दो से ढाई वर्ष में पूरा कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, जो छात्र धीमी गति से पढ़ाई करना पसंद करते हैं, वे अपने तीन वर्ष के पाठ्यक्रम को चार वर्ष में पूरा कर सकेंगे। यह जानकारी यूजीसी के अध्यक्ष श्री एम. जगदीश कुमार ने आईआईटी मद्रास के एक कार्यक्रम में दी। उल्लेखनीय है कि यह लचीलापन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो व्यक्तिगत सीखने की समय-सीमा और कई प्रवेश और निकास बिन्दुओं पर जोर देती हैं।

● कनाडा में पहली बार एच5एन1 बर्ड फ्लू संक्रमण का मानव मामला सामने आया है। ब्रिटिश कोलंबिया में नौ नवंबर को भर्ती एक किशोर में एच5एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि वह कैसे संक्रमित हुआ। अभी तक इस वायरस से अन्य कोई मामला सामने नहीं आया है। कनाडा की पब्लिक हेल्थ एजेंसी (पीएचएसी) ने कहा कि जीनोमिक सीक्वेंसिंग के परिणाम से पता चला है कि यह वायरस ब्रिटिश कोलंबिया में चल रही पोल्ट्री में एवियन इन्फ्लूएंजा एच5 एन1 से संबंधित है।

17 नवम्बर

डीआरडीओ ने किया 'पिनाका' हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण

● भारत ने सफलतापूर्वक 'पिनाका' हथियार प्रणाली का परीक्षण कर लिया

है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन परीक्षणों के दौरान प्रोवीजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (पीएसक्यूआर) मापदंडों, जैसे कि एक साल्वो मोड में कई लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और फायर की दर का व्यापक परीक्षण करके मूल्यांकन किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में यह भी कहा कि लॉन्चर उत्पादन एजेंसियों की तरफ से अपग्रेड किए गए दो इन-सर्विस पिनाका लॉन्चरों से प्रत्येक उत्पादन एजेंसी के बारह रॉकेटों का परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गाइडेड 'पिनाका' हथियार प्रणाली को शामिल करने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता में और इजाफा होगा।

● अमेरिका ने तस्करी की गई 1440 पुरातात्विक धरोहरें भारत को वापस लौटा दीं। इन धरोहरों में प्राचीन मूर्तियां और कलाकृतियां हैं, जिनका कुल मूल्य एक करोड़ डालर आंका गया है। इनमें बीती सदी के आठवें दशक में मध्यप्रदेश से चोरी बलुआ पत्थर की एक मूर्ति और राजस्थान से बीती सदी के छठे दशक में चोरी की गई एक मूर्ति भी शामिल है। भारत से चुराई गई 600 और प्राचीन कलाकृतियां आगामी महीनों में सौंपी जाएंगी।

18 नवम्बर

लेह से पैंगोंग तक बनेगी आठ किलोमीटर लंबी ट्यूब टनल

● केंद्र सरकार लेह को पैंगोंग से जोड़ने वाली सुरंग बनाएगी। केंद्र सरकार केला दर्रे

से होकर सात-आठ किलोमीटर लंबी ट्विन ट्यूब सुरंग के निर्माण के विकल्पों पर विचार कर रही है। यह प्रस्ताव लद्दाख के प्रशासन ने दिया है। सूत्रों के अनुसार इस सुरंग को बनाने में करीब छह हजार करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है। इस सुरंग से यात्रियों और सेना को लेह से पैंगोंग झील तक आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी और आवागमन का समय बहुत कम हो जाएगा। इसके अलावा खराब मौसम में भी सीमावर्ती इलाकों का संपर्क देश के अन्य भागों से बना रहेगा। इस सुरंग से सैनिकों और सैन्य उपकरणों की आवाजाही सुगम होगी। इसके अलावा इस सुरंग से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केला दर्रा देश का सबसे ऊंचा मोटर वाहन योग्य दर्रा है। यह लेह को पैंगोंग झील से जोड़ता है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 18,600 फीट है।

● रूसी बलों ने यूक्रेन के कई हिस्सों पर बड़े हमले किए। इन हमलों में रूस ने करीब 120 मिसाइलों और 90 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इसमें शहद, जिरकॉन, इस्कंदर और किंजल जैसे शक्तिशाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस की ओर से किए गए हमलों की निंदा की है। इन हमलों में कई ऊर्जा केंद्रों को नुकसान पहुंचा, बिजली की आपूर्ति ठप्प हो गई और कई लोग मारे गए। यूक्रेन के अनुसार बड़े पैमाने पर रूसी हमले ने पहले से ही कमजोर ऊर्जा ग्रिड को और अधिक नुकसान पहुंचाया है।

19 नवम्बर

जेईई एडवांस्ड के लिए मिलेंगे दो ही प्रयास, नहीं होगा बदलाव

● जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए दिए जाने वाले प्रयासों की संख्या में एक और महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। आयोजन संस्थान आईआईटी कानपुर ने परीक्षा के लिए प्रयासों की संख्या दो से बढ़ाकर तीन करने की घोषणा की थी। हालांकि, संयुक्त प्रवेश बोर्ड (जेएबी) की बैठक के बाद इस निर्णय को वापस ले लिया गया है। जेएबी ने पहले घोषणा की थी कि उम्मीदवार लगातार वर्षों में तीन बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड दे सकते हैं। अद्यतन पात्रता मानदंडों के तहत वर्ष 2024 में जेईई एडवांस्ड के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवार वर्ष 2025 में फिर से परीक्षा दे सकते हैं। हालांकि वर्ष 2023 या उससे पहले जेईई एडवांस में भाग लेने वाले उम्मीदवार अब वर्ष 2025 की परीक्षा के लिए पात्र नहीं हैं। नवीनतम अधिसूचना में कहा गया है कि अन्य सभी पात्रता मानदंड अपरिवर्तित रहेंगे।

● केंद्र सरकार के कार्यालयों से अवकाश प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को पेंशन पाने के लिए अब पेंशन फार्म 6-ए भरना होगा। इस फार्म को भविष्य या ई-एचआरएमएस 2.0 पोर्टल के जरिए सिर्फ ऑनलाइन ही भरा जा सकता है। पेंशन प्रक्रिया से जुड़ा यह नया नियम देश में छह नवंबर 2024 से लागू हो चुका है। केंद्र सरकार की नौकरियों से रिटायर होने वाले कर्मचारियों के अब से कागज पर जमा करने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह जानकारी भारत सरकार के कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत आने वाले पेंशन एंड पेंशनर्स वेलफेयर डिपार्टमेंट द्वारा जारी एक अधिसूचना में दी गई।

20 नवम्बर

भारत-चीन की सीधी उड़ान और कैलाश मानसरोवर यात्रा होगी जल्द संभव

● ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर

ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। इसमें दोनों देशों ने सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया, जो करीब पांच वर्ष के बाद होगी। दोनों देशों ने भारत-चीन की सीधी उड़ान और कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने पर सहमति बनाने की ओर भी कदम बढ़ाए। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के बाद से भारत-चीन की सीधी उड़ान और कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को रोक दिया गया था। वहीं विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत का 22वां दौर आखिरी बार 21 दिसंबर, 2019 को दिल्ली में हुआ था।

● यूरोपीय देशों की सरकारों ने रूस पर यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगी देशों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। इन देशों ने दावा किया है कि रूस ने हाइब्रिड हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, बाल्टिक सागर में दो फाइबर-आप्टिक दूरसंचार केबल काटे जाने की घटना की जांच शुरू हो गई है। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि क्या यह तोड़फोड़ का मामला है या नहीं। यूरोपीय अधिकारियों ने हालांकि केबल काटने का आरोप सीधे रूस पर नहीं लगाया है, लेकिन जर्मनी, पोलैंड और अन्य ने तोड़फोड़ की आशंका जताई है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मास्को की नाटो और यूरोपीय संघ के देशों के खिलाफ हाइब्रिड गतिविधियां बढ़ गई हैं। इससे सुरक्षा जोखिम उत्पन्न हो गया है।

21 नवम्बर

सीबीएसई ने की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं चार अप्रैल तक चलेंगी। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने कहा कि दोनों ही कक्षाओं में हमने दो विषयों के पेपर के बीच उचित अंतर रखा है। 12वीं की परीक्षा की डेटशीट प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है। ये डेटशीट विषय संयोजन का ख्याल रखते हुए तैयार की गई है ताकि एक ही दिन में छात्रों के लिए दो विषयों की परीक्षा न हो।

● राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) दिसंबर 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। यूजीसी नेट परीक्षा वर्ष में दो बार, आमतौर पर जून और दिसंबर में आयोजित की जाती है। यह देश भर में एक से 19 जनवरी, 2025 तक आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक और योग्य उम्मीदवार -ugcnet.nta.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2024 है।

22 नवम्बर

गगनयान मिशन में सहयोग करेगी आस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी

● भारत के गगनयान मिशन में ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) सहयोग करेगी।

अंतरिक्ष गतिविधियों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) के साथ 'इंप्लीमेंटेशन एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर किए। इसरो ने बताया कि समझौते के तहत एएसए गगनयान मिशन के लिए क्रू (चालक दल) और क्रू 'माड्यूल' की वापसी में सहयोग करेगी। उल्लेखनीय है कि गगनयान भारत का पहला मानव मिशन है। इसके तहत अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की 400 किलोमीटर पर स्थित निचली कक्षा में भेजा जाएगा और उनकी पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी भी कराई जाएगी।

● इजरायली सेना गाजा में हमास के ठिकानों पर लगातार हमले कर रही है। गाजा पट्टी में इजरायल के हवाई हमलों में 33 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। हमले में एक बचाव कार्यकर्ता की भी मौत हो गई। चिकित्सकों ने कहा कि उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में एक घर पर इजरायली हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए। वहीं, सीरिया के ऐतिहासिक शहर पलमायरा पर हुए एक हमले में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

ब्रह्मकुमारीज सुख शांति भवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन सम्पन्न

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नीलबड़ स्थित ब्रह्मकुमारीज सुख शांति भवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भारत गुरुत्व शक्ति के आधार पर दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहता रहा है और ऐसा संभव भी हुआ है। भारत की विश्व गुरु बनने की कामना पूरी होकर रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है, जिसने ताकत बढ़ने से अपने पड़ोसी देश को नहीं सताया हो, किसी पर कब्जा नहीं किया हो। जब भी किसी देश की ताकत बढ़ती है तो उसका सदुपयोग या दुरुपयोग किया जाता है, लेकिन दुनिया में भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया, किसी को सताया नहीं, किसी को लूटा नहीं। हमारे ग्रंथों में लिखा है सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया। हमने तो विश्व के सुख की कामना की है।

शिखर सम्मेलन आध्यात्मिकता द्वारा स्वस्थ और स्वच्छ समाज विषय पर केंद्रित था जिसमें संस्था के अनुयायी और नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय और विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक लगाकर, अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया गया और उन्हें भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व में शांति, सह-अस्तित्व, विकास और सभी प्रकार के मानवोचित भाव को जागृत करने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र को एक मंच के रूप में स्थापित किया गया। यह सत्य है कि यह मंच पिछली सदी में बना लेकिन भारत में आदिकाल से एक गुरुत्व शक्ति रही है। इससे ही भारत की पहचान है।

वर्ष 41, अंक 48 25.11.2024 से 01.12.2024

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :- **रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सिकल सेल के रोगियों को शीघ्र उपचार दिलाने के लिये संकल्पित है प्रदेश सरकार

सरकार सिकल सेल एनीमिया रोग को दूर करने के लिये संकल्पित है। इसीलिये सिकल सेल एनीमिया रोग के जड़ से उन्मूलन के लिये केन्द्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 275(1) के तहत प्रदेश में 2 उच्च स्तरीय देखभाल केंद्र 'सिकल सेल रोग के लिए सक्षमता केंद्र' को मंजूरी दी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में विशेष विकास परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये शत-प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाती है। यह राशि केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के जरिये राज्य सरकारों को सीधे आवंटित की जाती है। आईसीएमआर के भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, भोपाल में जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सहयोग से स्थापित 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के दूरदर्शी लक्ष्य के साथ स्थापित यह अत्याधुनिक सुविधा, सिकल सेल के रोगियों को आधुनिक निदान, उन्नत उपचार और समग्र पुनर्वास सेवाओं सहित व्यापक देखभाल प्रदान करती है। विशेषज्ञों की एक टीम के साथ यह केंद्र न केवल रोग के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि प्रभावित व्यक्तियों, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के भीतर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सुरक्षित पुनर्वास पर भी जोर देता है। इस केन्द्र के जरिये सभी सिकल सेल मरीजों के लिए एक स्वस्थ, उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की लक्ष्यपूर्ति के मिशन को बल मिलेगा। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने इसके लिये करीब 2 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग एवं अत्याधुनिक मॉडल ब्लड सेंटर को सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के तहत उच्च स्तरीय देखभाल केंद्र (सक्षमता केंद्र) के रूप में मंजूरी मिली है। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा की गई है। इस परियोजना के तहत यहां गुणवत्तापूर्ण इलाज किया जायेगा। इस सेंटर में चिन्हित किए गए रोगियों में आधुनिक मशीनों से पुनः रोग की पुष्टि करना (फाइनल डायग्नोसिस बनाना), रोग की गंभीरता एवं प्रकार का पता लगाने के अलावा सिकल सेल रोगियों को उच्च स्तरीय एवं आधुनिक उपचार एक ही छत के नीचे प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार सिकल सेल एनीमिया के पेशेंट को विश्व स्तरीय, लुकोरिड्यूस्ड नेट टेस्टेड, रेडिएट रक्त एवं उसके घटक प्रदान करना शामिल है। डे केयर सेंटर्स को सुव्यवस्थित करना ताकि जिन रोगियों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन होना है, उन्हें सुरक्षित एवं सरल तरीके से रक्त और उसके घटक प्रदान किये जा सकें। स्वैच्छिक रक्तदान शिवरों का आयोजन करना जिससे रक्त और इसके घटकों की आपूर्ति बनी रहे। जीवन रक्षक पद्धति के रूप में बहुत गंभीर मरीजों में एफरेंस तकनीकी से रेड सेल एक्सचेंज करना। प्रसव पूर्व मामले में कोरियोनिक विलस सैंपलिंग (सीवीएस) की मदद से गर्भवती महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चे में सिकल सेल रोग का पता लगाना, मॉलिक्यूलर प्रयोगशाला की स्थापना, नवजात शिशु में सिकल सेल का शीघ्र पता लगाना, सिकल सेल रोग के बारे में जनसाधारण, खासकर जनजातीय क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान चलाना, सिकल सेल से पीड़ित रोगियों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट एवं जीन थैरेपी की संभावनाओं का पता लगाना एवं इस हेतु तैयारियां करना सहित सिकल सेल के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण भी दिये जायेंगे। इस केन्द्र से इंदौर के समीपस्थ अलीराजपुर, धार, झाबुआ, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास आदि जिलों के मरीजों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए 1 करोड़ 91 लाख रुपये की राशि आवंटित की है।

उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद-275(1) के तहत ही केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को जनजातियों के आजीविका विकास से जुड़ी विशेष परियोजनाओं के लिये सहायता दी जाती है। इसके तहत प्रदेश में 100 जनजातीय ग्रामों में होम-स्टे विकास के लिये केन्द्र सरकार द्वारा राशि आवंटित की गई है। इन 100 जनजातीय ग्रामों में से प्रत्येक ग्राम में 5 लाख रुपये की लागत से होम-स्टे निर्माण के लिये जरूरी राशि जनजातीय कार्य विभाग को प्राप्त हो गई है। होम-स्टे के लिये शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जा रही है। प्रदेश में 8 वन्या रेडियो स्टेशन्स के सुदृढ़ीकरण के लिये भी विकास राशि प्रदान की गई है। इससे प्रदेश की सभी जनजातियों की क्षेत्रीय बोली के विकास एवं संवर्द्धन में मदद मिलेगी। वन्या रेडियो स्टेशन जनजातियों की क्षेत्रीय बोली में ही संचालित किये जायेंगे।

सुपर फ्लाइट्स योजना से आसान बनेगा हवाई यात्रा का सफर

अगर आप दिल्ली से अमेरिका जाना चाहते हैं, तो आपको फ्लाइट से कम से कम 15 घंटे का समय लगेगा। अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क ने सुपर फ्लाइट्स की योजना के बारे में दुनिया को जानकारी दी। यूनिलैड टेक की रिपोर्ट के अनुसार मस्क की योजना बहुत तेज गति वाली उड़ान शुरू करने की है, जिससे उड़ान की अवधि को कई गुना तक कम किया जा सकता है। अपनी इस योजना की चर्चा करते हुए मस्क ने बताया कि वह सबसे पहले न्यूयॉर्क से शंघाई के बीच सुपर फ्लाइट्स शुरू करेंगे। उल्लेखनीय है कि अभी न्यूयॉर्क से शंघाई के बीच सफर करने में लगभग 14 घंटे 50 मिनट का समय लगता है। लेकिन सुपर फ्लाइट्स का उपयोग करके मस्क इस समय को केवल 39 मिनट करना चाहते हैं। वहीं नई दिल्ली से लेकर सैन फ्रांसिस्को तक की फ्लाइट में अभी 15 घंटे का समय लगता है। सुपर फ्लाइट्स के बाद यह दूरी सिर्फ एक घंटे में तय की जा सकेगी।

बूम ओवरचर की घोषणा के अनुसार उनकी सुपर फैक्ट्री बनकर तैयार हो गई है और अगले वर्ष के मध्य तक सुपर फ्लाइट्स का निर्माण कार्य आरंभ हो सकता है। इसमें दो असेंबली लाइन हैं, जिसमें पहली के जरिए एक साल में 33 विमान बन सकेंगे और दूसरे में दो गुना उत्पादन हो सकेगा। वहीं ओवरचर 1970 में पहले ही सुपरसॉनिक विमान शुरू कर चुकी है, लेकिन 2003 में इसकी आखिरी व्यवसायिक उड़ान भरी गई थी। अभी इसके एक्स 1बी विमान 2200 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ने में सक्षम हैं।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश में ढाई लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी, कैलेंडर जारी

मध्यप्रदेश सरकार ने अपने सभी विभागों में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये नई भर्ती का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके अंतर्गत लगभग ढाई लाख युवाओं को शासकीय नौकरी के अवसर मिलेंगे। भर्ती प्रक्रिया इसी वर्ष दिसम्बर से आरंभ हो रही है। इसका प्रभाव उन विभागों पर नहीं पड़ेगा, जिनमें अक्टूबर और नवम्बर में भर्ती प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास का एक मंत्र दिया है- 'ज्ञान का सम्मान'। श्री मोदी जी के इस विकास मंत्र के अंतर्गत पहले क्रम पर गांव-गरीब और दूसरे क्रम पर युवा हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी विकास संकल्पना में यही प्राथमिकताएं निश्चित की हैं और अपना कार्यभार संभालने के साथ ही डॉ. मोहन यादव ने विकास का पूरा 'रोडमैप' तैयार किया। इस संकल्प पत्र में एक विषय 'रोज़गार के अवसर' भी हैं। संकल्प पत्र जारी करते समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं के समग्र विकास के लिये शिक्षा, संस्कार और रोज़गार को पहली प्राथमिकता में घोषित किया था। अपनी इसी घोषणा के अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाएं तैयार कीं। इसमें युवाओं को रोज़गार देने के लिये तीन स्तरों पर कार्य आरंभ किये। एक स्वरोज़गार के अवसर बढ़ाने का, दूसरा निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन ताकि युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलें और तीसरा शासकीय विभागों में नियुक्ति आरंभ करना। मध्यप्रदेश सरकार ने स्वरोज़गार के लिये तकनीकी प्रशिक्षण के साथ ऋण प्रक्रिया सरल की और निजी क्षेत्र में रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिये क्षेत्रीय इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन किये। निवेशकों को आकर्षित करने के लिये मुख्यमंत्री ने स्वयं विभिन्न बैठकें आयोजित कीं। ताकि औद्योगिक विकास से युवाओं को रोज़गार के अवसर मिल सकें। राज्य सरकार के विभिन्न निवेशकों से जो अनुबंध हुए हैं, उनसे भी लगभग ढाई लाख रोज़गार के अवसर उपलब्ध होने की संभावना है और अब मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय विभागों में रिक्त स्थानों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया आरंभ की है। यद्यपि कुछ विभागों में नियुक्तियों की यह प्रक्रिया अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो गई है, लेकिन अब सरकार ने शासकीय विभागों में नियुक्ति के लिये पूरे पांच साल का कैलेंडर जारी किया है। यह कैलेंडर जारी करने से पहले कैबिनेट बैठक में महिलाओं के लिये शासकीय विभागों में नियुक्ति के लिये आरक्षण का कोटा दो प्रतिशत बढ़ाया। महिलाओं को आरक्षण का कोटा पहले तैंतीस प्रतिशत था, जो अब बढ़ाकर पैंतीस प्रतिशत किया गया है, ताकि शासकीय नियुक्तियों में महिलाओं का पैंतीस प्रतिशत स्थान सुनिश्चित हो सके। इस आदेश के जारी होने के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर समस्त शासकीय विभागों में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों में पांच साल में ढाई लाख नियुक्तियां होंगी।

मध्यप्रदेश के इतिहास में यह पहला उदाहरण है, जब किसी सरकार ने शासकीय विभागों में भर्ती के लिये पांच साल का पूरा कैलेंडर जारी किया हो। इस कैलेंडर के अनुसार भर्ती की यह प्रक्रिया इसी वर्ष दिसम्बर से आरंभ हो जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पहले 'संकल्प पत्र 2024' सभी शासकीय विभागों को भेजकर अपनी योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिये गए थे। सभी विभागों से उनके अंतर्गत रिक्त स्थानों और नई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये नये स्टाफ की आवश्यकता का विवरण भी पूछा गया था। सभी विभागों से जानकारी आने के बाद उनकी आवश्यकता की समीक्षा की गई और विभागों की आवश्यकता के अनुसार उनमें नियुक्ति करने का यह कैलेंडर घोषित कर दिया गया है। नियुक्ति कैलेंडर के साथ ही विभागों में जन हितैषी योजनाओं की प्राथमिकता का क्रम भी तैयार किया और उसी के अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति का निर्णय लेकर यह कैलेंडर तैयार किया गया है, ताकि संकल्प पत्र के अनुरूप युवाओं को रोज़गार मिले और सभी योजनाओं का क्रियान्वयन भी समय-सीमा में पूरा हो सके। सरकार द्वारा यह पांच वर्षीय कैलेंडर जारी करने के पीछे एक मुख्य कारण योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में पूरा करना भी है। अक्सर देखा गया है कि नई योजना के क्रियान्वयन में विलंब दो कारणों से आता है। एक आवश्यक स्टाफ की कमी और दूसरी आवश्यक अनुमति मिलने की प्रक्रिया में विलंब। राज्य सरकार द्वारा जारी इस कैलेंडर में इन दोनों बिन्दुओं का ध्यान रखा गया है। इस कैलेण्डर से प्रशासनिक अनुमतियों की औपचारिकता के कारण विलंब नहीं होगा और संकल्प पत्र के अनुसार हितग्राही युवाओं को समय पर रोज़गार प्राप्त हो सकेगा।

यह कैलेंडर तैयार करके इसके क्रियान्वयन का परिपत्र सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव तथा विभागाध्यक्षों को प्रेषित किया है। जिसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि रिक्त पदों की भर्ती किए जाने के समय कैडर मैनेजमेंट प्रभावित नहीं होना चाहिए। सभी कैडर की नियुक्तियों के लिये गाइडलाइन तैयार की गई है। इसमें मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग से लेकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति तक शामिल है। इसके साथ सभी विभागों से प्रतिवर्ष अपनी नियुक्तियों और आवश्यकता का कैलेंडर जारी करने को कहा गया है, ताकि आगामी वर्षों के लक्ष्य पूर्ति में स्टॉफ की कमी बाधा न बने। संकल्प पत्र 2024 में 'रोज़गार के अवसर' बिंदु में उल्लेख है कि 'हम अगले 5 वर्षों में 2.5 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करेंगे और प्रत्येक वर्ष सरकारी परीक्षा कैलेंडर भी जारी करेंगे। सभी विभागों को इस संकल्प पूर्ति के लिये योजना बनाकर कार्रवाई करनी है।

इस परिपत्र के साथ सरकारी भर्तियों में पांच प्रतिशत सीमा का बंधन भी हटा दिया गया है। सरकार के पिछले आदेशों के अनुसार रिक्त पदों को भरे जाने की सीमा पांच प्रतिशत थी। अब इस परिपत्र से यह पांच प्रतिशत की सीमा हटा दी गई है। वर्ष 2028-29 तक पांच प्रतिशत की यह सीमा लागू नहीं होगी। परिपत्र के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार के सभी विभागों में प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति एक अप्रैल 2024 को रिक्त पदों के अनुसार होगी।

इस परिपत्र के अनुसार ऐसे कैडर (संवर्ग) जिनमें रिक्त पदों की संख्या एक से 50 तक ही है, उनकी पद पूर्ति दो चरणों में की जाएगी यानी 50 प्रतिशत पद वित्तीय वर्ष 2024-25 और शेष 50 प्रतिशत पद वित्त वर्ष 2025-26 में भरे जाएंगे। ऐसे संवर्ग (कैडर) जिनमें रिक्त पदों की संख्या 51 से 200 तक है, वहां सीधी भर्ती के कुल पदों की पूर्ति तीन चरणों में की जाएगी। यदि 33 प्रतिशत से कम पद हैं तो इन पदों की भर्ती एक बार में ही पूरी कर ली जायेगी। यदि पद 33 प्रतिशत या इससे अधिक हैं, लेकिन 66 प्रतिशत से कम हैं तो वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत पदों को भरा जाएगा। शेष 46 प्रतिशत वर्ष 2025-26 में और वर्ष 2026-27 में 46 प्रतिशत पदों को भरा जाएगा। यदि पद 66 प्रतिशत या अधिक हैं तो वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत, वर्ष 2025-26 में 31 प्रतिशत, वर्ष 2026-27 में 31 प्रतिशत और वर्ष 2027-28 में 30 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरा जाएगा। अब चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालकों जैसे पदों पर भर्ती के अधिकार निकटतम प्रभारी अधिकारियों को दिये गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि एग्रीमेंट के आधार पर नियुक्त वाहन चालकों को सीधी भर्ती से भर्ती करना आवश्यक नहीं है। जिन विभागों के पास स्वयं के वाहन हैं, वे भी वाहन चालक के कार्य के लिए सेवाएं आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त करने पर विचार कर सकते हैं। विशिष्ट विभाग जहां वाहन चालकों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती अति आवश्यक है वे वित्त विभाग को तथ्यों के साथ प्रस्ताव देकर स्वीकृति लेकर ही भर्ती कर सकेंगे। विभाग ने यह भी कहा है कि राज्य शासन के विभिन्न कार्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के पदों के विरुद्ध कार्य करने वाले व्यक्तियों की भरपाई के लिए वित्त विभाग के द्वारा आउटसोर्स से सेवा लेने संबंधी निर्देश हैं। जहां चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करना अत्यंत जरूरी है वे वित्त विभाग से मंजूरी लेकर भर्ती कर सकेंगे।

वित्त विभाग द्वारा निकाले गये परिपत्र में स्पष्ट किया है कि जिन विभागों ने अपने अंतर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये 30 अक्टूबर, 2024 से भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी है, इन नियुक्तियों की प्रक्रिया पर इस कैलेंडर अथवा परिपत्र का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन विभागों ने अपने अंतर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये सीधी भर्ती की प्रक्रिया आरंभ कर ली है, या पूरी कर ली है, लेकिन अभी नियुक्ति के आदेश निकालना शेष हैं, अथवा आदेश निकाले जाने के बाद चयनित प्रतिभागी द्वारा ज्वाइन करना शेष है। इस प्रक्रिया अथवा नियुक्तियों पर इस कैलेंडर का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, वे यथावत रहेंगी। इसके अतिरिक्त कर्मचारी चयन मंडल, मध्यप्रदेश पीएससी या अन्य संस्थाओं द्वारा आरंभ चयन प्रक्रिया पर भी इस कैलेंडर का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

शासकीय विभागों में रिक्त स्थानों की भर्ती के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर भर्ती करने का भी निर्णय लिया है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अपने संकल्प पत्र के अनुसार तैयार इस कैलेंडर से मध्यप्रदेश को देश में अग्रणी प्रांत बनाने का एक मजबूत आधार बना है। एक ओर ढाई लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के द्वार खुले हैं और दूसरी ओर सरकार की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर

सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा- 2022 दिनांक 04.08.2024 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. - 10660/37/2024/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक :- 13.11.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा - 2022** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

01. विज्ञापन क्रमांक - 40/2022/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 27.04.2023।

(1)	विज्ञप्ति क्रमांक-12650/2022/अनु.-6, दिनांक 05.01.2023 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर करने के संबंध में सूचना)।
(2)	शुद्धि पत्र क्रमांक-1/16/2022 से 53/2022 दिनांक 10.01.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रन्थपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन)।
(3)	संशोधित शुद्धि पत्र क्रमांक - 3/16/2022 से 53/2022 दिनांक 25.07.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रन्थपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन)।
(4)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 5/40/2022 दिनांक 18.12.2023 (सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने संबंधी।)
(5)	विज्ञप्ति क्रमांक-3295/2024/प.नि., इंदौर दिनांक 20.03.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा- 2022 स्थगन के संबंध में)।
(6)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 7/16-53/2022 दिनांक 28.03.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रन्थपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदाय किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक)।
(7)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 8/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास), (सहायक प्राध्यापक परीक्षा- 2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रन्थपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदाय किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक)।
(8)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 2/16/2022 से 51/2022 दिनांक 15.03.2023 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 अर्हकारी अंकों में 5 प्रतिशत छूट के संदर्भ में)।
(9)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 10/16-53/2022 दिनांक 21.06.2024 सहायक प्राध्यापक परीक्षा के आयोजन की सूचना संबंधी)।
(10)	शुद्धि पत्र क्रमांक- 11/40/2022 दिनांक 10.09.2024 (सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र परीक्षा - 2022 विज्ञापित पदों हेतु मुख्य एवं प्रावधिक भाग के पदों की जानकारी)।

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022** जिला मुख्यालय इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर के केन्द्रों पर दिनांक 04.08.2024 (रविवार) को दो सत्र प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 11:00 बजे एवं द्वितीय प्रश्न पत्र समाजशास्त्र दोपहर 01:00 से 04 बजे तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :-

श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित

क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST)	19	9	77	7	3	115
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE)	6	3	25	2	1	37
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (Exser)	-	-	-	-	-	-
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH)	(PH-OH-2, VH-3, HH-2)					7

04. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के ''पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-40/2022/30.12.2022 में मुख्य एवं प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :–

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के "पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ. प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा - 2022 हेतु मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित श्रेणी हेतु) के पदों का रिक्ति विवरण प्राप्त हुआ है। जिसे आयोग द्वारा शुद्धि पत्र क्रमांक - 11/40/2022, दिनांक 10.09.2024 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है :–

स. क्र.	पद का नाम	अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद	मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों)	प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 अनारक्षित श्रेणी हेतु)
01	सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022	7	5	2

उपरोक्तानुसार **सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022** के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल - 157 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (PHYSICS)- PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.
1.	250007	33.	250351	65.	250781	97.	251207	129.	251495
2.	250009	34.	250352	66.	250816	98.	251224	130.	251499
3.	250043	35.	250365	67.	250831	99.	251227	131.	251518
4.	250051	36.	250379	68.	250865	100.	251229	132.	251538
5.	250056	37.	250381	69.	250866	101.	251244	133.	251568
6.	250075	38.	250386	70.	250887	102.	251246	134.	251605
7.	250090	39.	250411	71.	250898	103.	251247	135.	251749
8.	250094	40.	250417	72.	250918	104.	251261	136.	251789
9.	250100	41.	250419	73.	250925	105.	251266	137.	251808
10.	250108	42.	250440	14.	250933	106.	251284	138.	251854
11.	250109	43.	250444	75.	250980	107.	251289	139.	251900
12.	250119	44.	250452	76.	250988	108.	251292	140.	251933
13.	250129	45.	250457	77.	251017	109.	251299	141.	251961
14.	250130	46.	250481	78.	251038	110.	251302	142.	251962
15.	250139	47.	250482	79.	251044	111.	251313	143.	251990
16.	250144	48.	250517	80.	251079	112.	251327	144.	251995
17.	250153	49.	250524	81.	251082	113.	251328	145.	252035
18.	250195	50.	250540	82.	251089	114.	251336	146.	252048
19.	250210	51.	250564	93.	251104	115.	251353	147.	252089
20.	250216	52.	250566	84.	251119	116.	251357	148.	252100
21.	250224	53.	250577	85.	251121	117.	251360	149.	252122
22.	250241	54.	250595	86.	251130	118.	251364	150.	252135
23.	250258	55.	250601	87.	251132	119.	251366	151.	252155
24.	250260	56.	250625	88.	251138	120.	251368	152.	252159
25.	250262	57.	250647	89.	251149	121.	251370	153.	252171
26.	250271	58.	250659	90.	251159	122.	251371	154.	252173
27.	250285	59.	250660	91.	251160	123.	251382	155.	252188
28.	250290	60.	250665	92.	251161	124.	251392	156.	252192
29.	250312	61.	250676	93.	251176	125.	251395	157.	252198
30.	250318	62.	250726	94.	251186	126.	251439		
31.	250330	63.	250731	95.	251194	127.	251451		
32.	250350	64.	250749	96.	251195	128.	251464		

प्रावधिक भाग-ब के लिए साक्षात्कार हेतु कुल विज्ञापित पदों के 3 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह कुल-17 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (PHYSICS)-PART B (PROVISIONAL)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.
1.	250085	5.	250178	9.	250531	13.	251390	17.	251757
2.	250089	6.	250257	10.	250748	14.	251442		
3.	250133	7.	250423	11.	250877	15.	251465		
4.	250161	8.	250428	12.	251005	16.	251548		

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

परिशिष्ट प्रपत्र-01

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

विज्ञापन क्रमांक :- 40/2022/30.12.2022	पद/परीक्षा का नाम :- सहायक प्राध्यापक (भौतिकशास्त्र) परीक्षा-2022
अनुक्रमांक-	अभ्यर्थी का नाम :– ....

स. क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या
1.	उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
2.	उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
3.	उपस्थिति पत्रक -1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
4.	व्यक्तिगत विवरण पत्रक -1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
5.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
6.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
7.	हाई स्कूल की अंकसूची (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
8.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
9.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त वर्षो की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 13.04.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
10.	यू.जी.सी. नेट/मध्यप्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....

11.	प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित प्रारूप में अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
12.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
13.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोल सील, जावक क्रमांक दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
14.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
15.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
16.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष :- (1) विज्ञापन क्रमांक-40/2022/30.12.2022 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 28.03.2023 से दिनांक 27.04.2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 या 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। **अथवा** (2) आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 10.01.2023, 25.07.2023 एवं 18.12.2023 अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। **अथवा** (3) आयोग के शुद्धि पत्र क्रमांक - 08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 05.04.2024 से दिनांक 13.04.2024 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
17.	महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
18.	म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
19.	मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
20.	भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
21.	अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
22.	दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है।)	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
23.	यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
24.	**आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्राविधक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी "अभिवचन" पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।**	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
25.	अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।	पृष्ठ क्रमांक ..... से .....तक	....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- ....

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 04.12.2024** तक आयोग कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

20.	भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
21.	अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/ शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
22.	दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है।)	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
23.	यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/ न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज।	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
24.	आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी "अभिवचन" पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
25.	अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।	पृष्ठ क्रमांक......से.......तक	....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- ....

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 05.12.2024** तक आयोग कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06. आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/ लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :-
आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 05.12.2024 के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रातः 10:00 से सायं 06:00 बजे तक निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)।	दिनांक 06.12.2024 से 12.12.2024 तक
निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)।	दिनांक 13.12.2024 से 19.12.2024 तक

(शेष पृष्ठ 15 पर)

वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अन्तर्गत सभी जिलों में बनेंगे खेल स्टेडियम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास में आयोजित भूमिपूजन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमिपूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दिशा में जिस प्रकार कार्य जारी है, उससे प्रदेश के खिलाड़ी विक्रम अवॉर्ड प्राप्त करने के साथ-साथ एशियाड और ओलंपिक में अवॉर्ड प्राप्त करने की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं। देवास में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम और श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम से कई प्रतिभावान खिलाड़ी प्रदेश एवं देश को मिले हैं। श्रीमंत तुकोजीराव पवार की जयंती पर देवास को मिल रही सिंथेटिक एथलेटिक

- **हमारे खिलाड़ी एशियाड और ओलंपिक में भी पदक जीतेंगे**
- **देवास, उज्जैन, धार क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है**

ट्रैक की सौगात से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। देवास में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

औद्योगीकरण की दिशा में तेजी से किया जा रहा है कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवास, उज्जैन धार और इंदौर को जोड़ते हुए क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगीकरण की दिशा में राज्य सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। बदलते दौर में इस क्षेत्र की देश में विशिष्ट पहचान होगी।

प्रदेश में 114 खेल अधोसंरचनाएं निर्मित, 30 निर्माणाधीन

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 114 खेल अधोसंरचना (स्टेडियम, खेल परिसर, इंडोर हॉल) निर्मित किये गए हैं, 30 खेल अधोसंरचना निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में कुल 8 सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक निर्मित किये गए हैं। देवास में 9वाँ सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा 3 और एथेलेटिक ट्रैक - इंदौर, रतलाम और छतरपुर में भी स्वीकृत किये गए हैं। प्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 12 सिंथेटिक हॉकी टर्फ की स्थापना की गई है तथा 6 सिंथेटिक हॉकी टर्फ निर्माणाधीन हैं।

सरकार सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से ही सुदृढ़ होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचार को साकार करने के लिए राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। इससे उज्जैन और आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में केवल 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 17 हो चुके हैं। प्रदेश में एम.बी.बी.एस. सीटें भी 720 से बढ़कर 2,575 हो गई हैं। श्योपुर, सिंगरौली, मंडला और राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ छतरपुर, दमोह और बुधनी में स्ववित्तीय अनुदान से मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही 12 अन्य जिलों में सार्वजनिक जनभागीदारी नीति के तहत मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है।

उज्जैन मेडिकल कॉलेज 14.97 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र 1 लाख 42 हजार 34 वर्गमीटर प्रावधानित है। इसकी कुल लागत 592.3 करोड़ रुपये है। इसमें फायर सेफ्टी के लिए आधुनिक तकनीकों, ऊर्जा दक्षता के लिए एलईडी लाइटिंग, सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल एचवीएसी सिस्टम का उपयोग किया गया है।

उज्जैन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों की प्रवेश क्षमता 100 प्रावधानित है। मेडिकल कॉलेज में 4 अत्याधुनिक लेक्चर थियेटर (प्रत्येक की क्षमता 180) और 2 परीक्षा हॉल (प्रत्येक की क्षमता 250) रहेगी। सेंट्रल लाइब्रेरी, शिक्षण और फैकल्टी क्षेत्र, प्रयोगशाला और कौशल प्रशिक्षण केंद्र के साथ प्रशासनिक भवन, सामान्य कक्ष और मनोरंजन सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। 380 नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा का प्रावधान है। इसमें स्टिल्ट पार्किंग, सामान्य कक्ष, मनोरंजन क्षेत्र, डायनिंग हॉल और किचन की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

पीड़ित मानवता की सेवा का सहारा बना रामकृष्ण सेवा संस्थान

रीवा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा के वार्षिक समारोह को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना है रीवा का रामकृष्ण सेवा संस्थान। ऐसे संस्थानों से जुड़कर मानवीय गुण जैसे करुणा, दया एवं परोपकार के भाव विकसित होते हैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया है कि ऐसे संस्थानों से जुड़ें और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान दें।

श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव तथा यहाँ की संस्कृति तथा सनातन परंपरा को विश्वपटल पर प्रदर्शित किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगतिशील राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।

इंडिया ओपन राइफल और पिस्टल कॉम्पिटीशन 28 नवंबर तक

भोपाल, संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश और भारतीय राष्ट्रीय रायफल महासंघ नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 28 नवम्बर तक इंडिया ओपन राइफल और पिस्टल कॉम्पिटीशन 2024 का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी ग्राम गौरा भोपाल में किया जा रहा है। शूटिंग अकादमी में रायफल, पिस्टल और शॉटगन की अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अधोसंरचना निर्मित है। पेरिस ओलम्पिक के प्रशिक्षण शिविर भोपाल में आयोजित हुये थे।

प्रदेशव्यापी विशेष अभियान

952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस अवैध नशे के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस ने 16 नवम्बर को सुबह 8 बजे से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

खरगोन, बड़वानी, धार और देवास में हुई अधिक कार्रवाई

प्रदेशव्यापी अभियान में पुलिस ने 161 स्थानों पर अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में सफलता पाई है। खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322.43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200.3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी जिले के विभिन्न स्थानों से 157 किलो 900 ग्राम गांजा तथा 105 किलो 394 ग्राम गांजा जब्त हुआ है। साथ ही 30 आरोपियों सहित 1 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की है।

इस प्रकार प्रदेश में पुलिस ने लगातार विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर 920.673 किलोग्राम गांजा, 0.900 ग्राम स्मैक, 0.4 ग्राम चरस एवं 30 किलोग्राम डोडाचूरा सहित 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त 05 वाहनों को भी जब्त की है। अभियान के दूसरे दिन 15 नवंबर को भी प्रदेश पुलिस ने अभियान के तहत 144.7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक तथा 146.53 ग्राम ब्रॉउन शुगर जब्त कर 126 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

वन्य जीवों के विरुद्ध अपराधों को रोकने उच्च न्यायालय के निर्देश जारी

भोपाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव श्री वी.एन. अंबाडे ने उच्च न्यायालय द्वारा वन्य-जीवों से संबंधित अपराध में लिये गये निर्णयों के परिपालन में प्रदेश के वन परिक्षेत्र के सभी अधिकारियों को एडवायजरी जारी की है। एडवायजरी में उच्च न्यायालय के निर्णय 'सुनील खंडाते एवं अन्य विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन' और 'उत्कर्ष अग्रवाल विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन' में सुनवाई के दौरान निर्णय को भविष्य में समान प्रकृति के वन अपराधों में शासन हित में जमानत याचिकाओं के निरस्तीकरण के लिये उपयोग किया जा सकता है।

सिख गुरुओं की वाणी और बलिदान ऐतिहासिक

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आग्रह पर श्री गुरु नानक जी के 555वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में श्री गुरुग्रंथ साहब जी का भव्य दरबार सजाया गया और लंगर की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पगड़ी धारण कर दरबार में प्रवेश करते ही सभी उपस्थित जन ने 'जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल' के घोष के साथ पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की वाणी अद्भुत है। उन्होंने संगत और पंगत की बात कही। सिख गुरुओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने एक मार्ग तय किया कि परमात्मा के बंदों में हम अंतर नहीं कर सकते। यहां किसी पाखंड की जगह नहीं है। इस देश के लिए सभी समान हैं। यही वेद वाक्य है। चारों वेदों का भी निचोड़ यही है कि हम परमेश्वर की सत्ता पर विश्वास रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 10 सिख गुरुओं को प्रणाम करता हूं। उन्होंने धर्म और आध्यात्म की परम्परा के माध्यम से सनातन संस्कृति बचाई। मुख्यमंत्री ने कहा मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में कक्षा 7वीं में इस शहादत का विस्तृत उल्लेख है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रकाश पर्व कार्यक्रम को संबोधित किया

5 से 25 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाओं का विद्युतकर्मियों को लाभ

भोपाल, मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेश के बिजली कर्मियों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि कहा कि प्रदेश के विद्युतकर्मियों के लिए एक नई शुरुआत 'मध्यप्रदेश पॉवर कंपनी-कैशलेस स्वास्थ्य योजना' के रूप में की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में बनाई गई यह योजना विद्युत कंपनियों के नियमित, संविदा एवं रिटायर्ड कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब सभी लाभार्थी 5 से 25 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना से लगभग 90 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि विभिन्न विद्युत कर्मचारी संगठनों द्वारा लगातार इस योजना की मांग की जा रही थी। यह बीमा योजना अंशदायी और वैकल्पिक है। योजना में निर्धारित अवधि में नामांकन करना होगा। योजना में तीन फैमिली फ्लोटर विकल्प हैं। विकल्प एक में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के बीमा कवरेज के लिए 500 रुपये प्रतिमाह, 10 लाख रुपये तक के बीमा के लिए 1000 और 25 लाख रुपये तक के बीमा के लिए 2000 रुपये प्रतिमाह देना होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश आईटी और साइंस के नये हब के रूप में होगा विकसित - मुख्यमंत्री

जबलपुर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो-2024 के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और इन क्षेत्रों से जुड़ी सेवाओं का नया हब बनकर देश में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्युफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्युनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। देश की टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सुशासन के माध्यम से जन-कल्याण पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार के विभागों में डिजिटलाइज्ड प्रणाली संचालित है। अनेक नवाचार भी हुए हैं। मध्यप्रदेश में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र में निवेश भी बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश विज्ञान परिषद विद्यार्थियों को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए मंच प्रदान कर रही है। सैटेलाइट इमेजरी एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग से जन-कल्याण के कई कार्य हो रहे हैं। किसानों के खसरे, नामांकन, बटांकन आदि के कार्य और दस्तावेज पंजीयन साइबर तहसील के माध्यम से हो रहे हैं।

डिजिटल नवाचार, सुशासन और जन-कल्याण

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (MP-CERT) का गठन किया गया है। सभी शासकीय विभाग मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी का पंजीकरण करवा चुके हैं। इस तरह के 105 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां जबलपुर में 17 करोड़ रुपये से अधिक लागत से साइंस सेंटर की पहल हुई है, वहीं उज्जैन में 230 करोड़ रुपये की लागत से साइंस सिटी का निर्माण हो रहा है। आईआईटी जैसी संस्थाओं के विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। वर्ष 2013 में प्रथम तारामंडल प्रारंभ हुआ था जिसे अपग्रेड किया गया है। अत्याधुनिक थ्रीडी 4K तकनीक से विकसित नई व्यवस्था में इस वर्ष 400 सफल शो किए जा चुके हैं। इसी तरह अत्याधुनिक प्लेनेटोरियम, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन के उपयोग और नल-जल योजनाओं से लेकर सम्पत्ति की प्रक्रिया में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है। उज्जैन के डोंगला स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वेधशाला के निर्माण से एस्ट्रोनामी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नई पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत साइकिल और बैलगाड़ी से प्रारंभ हुई अपनी अंतरिक्ष यात्रा को चंद्रमा, मंगल और सूर्य की तरफ बढ़ा चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसे सक्षम नेता वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाने में साथ हों तो सफलता मिल ही जाती है। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के मार्ग को प्रशस्त किया है। आज इसरो ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति से दुनिया को परिचित करवा दिया है। एक महाशक्ति के रूप में भारत अपनी पहचान बना रहा है।

- देश की टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश दे रहा है महत्वपूर्ण योगदान
- साइबर सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम बनी
- शासकीय विभागों में हुआ 105 मुख्य सूचना अधिकारियों का पंजीकरण
- भारत अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में बन रहा है महाशक्ति

अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार - राज्यपाल

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार होती है। संवेदनशील अधिकारी, समाज और राष्ट्र के सच्चे सेवक होते हैं। वे अपने कार्यों से समाज और राष्ट्र को बहुत कुछ दे सकते हैं। इसीलिए अपने कार्य व्यवहार में अधिकारियों को संवेदनशीलता के भाव को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि इस पद तक पहुंचाने में आपके माता-पिता और गुरुजनों की विशेष भूमिका है। समाज के हर व्यक्ति का भी प्रत्यक्ष और परोक्ष योगदान है। उन सबके प्रति कृतज्ञता के भाव को जीवन में हमेशा याद रखें।

राज्यपाल ने कहा कि आप सभी युवा अधिकारी, विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्पित अमृत पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। विकसित भारत के लिए ऐसी कार्य संस्कृति बनाने की पहल करें, जिसमें जनता कानून लागू करने वालों से नहीं डरे, बल्कि कानून का सम्मान करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आम आदमी आई.पी.एस. अधिकारियों को कानून व्यवस्था के संरक्षक और न्याय दिलाने में मदद करने वाले अधिकारी मानते हैं। उनके विश्वास पर खरा उतरना ही आपके कार्य की सफलता की कसौटी होगी। अपनी शक्तियों का उपयोग समाज के अंतिम पंक्ति और कमजोर व्यक्ति को सशक्त बनाने में करें।

66वां अखिल भारतीय कालिदास समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ सम्पन्न

उज्जैन, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप के आतिथ्य में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय त्रिपदी परिवार के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप तराणेकर ने की।

कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सुरबहार वादन, घुंघरू वादन एवं सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई। स्वामी श्री सियाराम दास जी महाराज ने उद्‌बोधन दिया कि जिस प्रकार समुद्र के रत्नों का लाभ वही उठा सकते हैं, जो ज्यादा गहरा गोता लगा सकते हैं। उसी प्रकार भारतीय दर्शन का लाभ वही ले सकते हैं, जो महाकवि कालिदास की कृतियों को आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महाकवि कालिदास सिर्फ कवि नहीं थे, वह अपने समय के महान वेदांती एवं मीमांसी थे।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि अखिल भारतीय समारोह एक प्रतिष्ठित समारोह है। यह समारोह 7 दिन तक संगीत, नाटक, वाद-विवाद, संगोष्ठी, व्याख्यान-माला, सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि महाकवि कालिदास एक महान विद्वान थे। उनके ग्रंथ सिर्फ काव्य नहीं हैं, अपितु उनमें समाज के कल्याण के लिए संदेश भी निहित है।

मध्यप्रदेश के शहरी स्वसहायता समूह नई दिल्ली में पुरस्कृत

नई दिल्ली, नई दिल्ली के भारत मंडपम में 43वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में 'मध्यप्रदेश दिवस' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेले में विभिन्न विभागों से शामिल स्व-सहायता समूह, उद्यमियों व कलाकारों को पुरस्कृत किया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 2 स्व-सहायता समूहों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार मिले। प्रथम स्थान पर धार के मांडव का रेवा स्व-सहायता समूह रहा, जिन्हें बाग प्रिंट के लिए पुरस्कार मिला। वहीं संत रविदास स्व-सहायता समूह उज्जैन को बांस से बनी हुई सामग्री एवं कलात्मक खिलौने गुड़िया के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

प्रदेश के 20 जिलों में बनेंगे 100 ट्राइबल छात्रावास

भोपाल, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी आवासीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत केन्द्र सरकार ने देश के सभी प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण के लिये स्वीकृति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मान्य करते हुए 20 जिलों में 100 ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। 20 जिलों के 50 ब्लॉक्स में 2-2 ट्राइबल छात्रावास बनाये जायेंगे। यह सभी ट्राइबल छात्रावास 4-4 करोड़ रुपये की लागत से बनेंगे और 100-100 सीटर होंगे।

डॉ. शाह ने बताया कि अलीराजपुर जिले के अलीराजपुर, जोबट, कट्ठीवाड़ा, सोण्डवा एवं उदयगढ़, बड़वानी जिले के पानसेमल एवं पाटी, बैतूल जिले के भीमपुर, मुलताई एवं शाहपुर, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा, बिछुआ, हर्रई, जुन्नारदेव, परासिया एवं तामिया, दमोह जिले के तेंदूखेड़ा, डिंडोरी जिले के डिंडोरी, मेंहदवानी, समनापुर एवं शाहपुरा, जबलपुर जिले के कुंडम, झाबुआ जिले के पेटलावद, रामा, रानापुर एवं थांदला, खरगोन जिले के भगवानपुरा, भीकनगांव एवं झिरन्या, मंडला जिले के नारायणगंज, नरसिंहपुर जिले के नरसिंहपुर, पन्ना जिले के पवई, सतना जिले के रामपुर-बघेलान, सीहोर जिले के नसरुल्लागंज, सिवनी जिले के छपारा, धनौरा, कहानापस एवं लखनादौन, शहडोल जिले के ब्यौहारी, बुढ़ार एवं जयसिंहनगर, श्योपुर जिले के कराहल एवं विजयपुर, शिवपुरी जिले के खनियाधाना और शिवपुरी, सीधी जिले के सीधी व सिंहावल तथा सिंगरौली जिले के बैढ़न, चितरंगी एवं देवसर में हॉस्टल बनाए जायेंगे।

'द साबरमती रिपोर्ट' काले पृष्ठ और घटना की सत्यता को सामने लाती है

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' इतिहास के काले अध्याय को सामने लाती है। यह फिल्म वर्ष 2002 में गुजरात के गोधरा में हुई घटना की सत्यता को सामने लाती है। फिल्म वास्तविक तथ्यों पर फिल्माई गई है। फिल्म, उन 59 कारसेवकों के बलिदान की जानकारी देती है जिसे उस दौर में गलत बताया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म को मध्यप्रदेश शासन द्वारा करमुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में फिल्मांकन की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण स्थान हैं।

मध्यप्रदेश बनेगा देश का लॉजिस्टिक्स हब

इंदौर, उप मुख्यमंत्री एवं योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मध्यप्रदेश के समग्र विकास के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हो रहे कार्यों को अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य नीति आयोग द्वारा विकास के लिये सतत नवाचार किये जा रहे हैं। नीति आयोग एक नवीन पहल कर प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने नीति आयोग को वर्कशॉप के लिये बधाई दी। नीति आयोग ने आवश्यक रणनीति तैयार करने के लिये एक कार्यशाला की। कार्यशाला का विषय 'मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब : चुनौतियां और समाधान' था। कार्यशाला में बताया गया कि मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने के लिये एकीकृत रणनीति बनेगी। मल्टी-मॉडल परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इंदौर में राज्य का पहला मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, एमएलएलपी स्थापित किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की कार्यशाला में राज्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने, नीति-निर्माण में सुधार के लिए विचार-विमर्श किया गया। इसमें लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई।

मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित होने के कारण लॉजिस्टिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हालांकि, राज्य को लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में कुशल इनलैंड कंटेनर डिपो, वेयरहाउसिंग सुविधाओं, मल्टी-मॉडल परिवहन और एमएसएमई की आवश्यकताओं को पूरा करने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

डीजीपी ने गोंदिया पहुंच घायल जवान का स्वास्थ्य जाना

बालाघाट, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस नक्सल उन्मूलन अभियान में पूरे प्राणपण से जुटी हुई है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत 17 नवंबर को बालाघाट जिले के थाना रूपझर अंतर्गत चौकी सोनगुड्डा के ग्राम कोद्दापार, कुन्दल जंगल क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हॉकफोर्स और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में जवान श्री शिव कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना 17 नवंबर को कुंदुल जंगल क्षेत्र में हुई नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए जवान शिव कुमार शर्मा के स्वास्थ्य का जायजा लेने 18 नवंबर को राज्य शासन के हेलीकॉप्टर से गोंदिया अस्पताल और बालाघाट पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भी दूरभाष पर चिकित्सकों से बातचीत कर घायल जवान को सर्वोत्तम इलाज देने के निर्देश दिए और राज्य सरकार की ओर से पूरी चिकित्सा वहन करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना के तुरंत बाद घायल जवान के इलाज के लिए चिकित्सकों से दूरभाष पर बातचीत की और उन्हें हर संभव उपचार देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि इनका पूरा इलाज राज्य सरकार वहन करेगी और राज्य सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है।

डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना ने बालाघाट पहुंचकर पुलिस नक्सल मुठभेड़ की समीक्षा की

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रदेश की विधानसभा अगले मानसून सत्र तक होगी पेपरलेस

भोपाल, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने निर्देश दिये हैं कि प्रदेश की विधानसभा को मानसून सत्र, 2025 तक पेपरलेस किया जाए। इसके लिए विधानसभा में नेशनल ई-विधान परियोजना (नेवा) लागू की जाये। उन्होंने इस परियोजना के लागू होने से पहले विधानसभा सदस्यों को भी इसकी पर्याप्त जानकारी देने के निर्देश दिये हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने विधानसभा में नेवा हाउस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए यह निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह परियोजना जल्द से जल्द लागू करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए MOU पर हस्ताक्षर किये हैं। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि अब प्रत्येक दो माह में परियोजना की प्रगति से समिति को अवगत कराया जाये। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के लिये केन्द्र सरकार के 'संसदीय कार्य मंत्रालय' को नोडल विभाग बनाया गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने ई-विधान परियोजना में एन.आई.सी. का जिला स्तर तक सहयोग लिये जाने की बात कही। संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस परियोजना को लागू करने के लिए विधायकों की जो समिति बनायी गयी है वह समिति जल्द उन राज्यों का दौरा करे, जहां इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन की स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के अंतर्गत 'श्रीकृष्ण पाथेय न्यास' का गठन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। स्वीकृति अनुसार भगवान श्रीकृष्ण से संबंध क्षेत्रों का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जायेगा। न्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं संरचनाओं का प्रबंधन, सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव, श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यटन की दृष्टि से विकास, पुस्तकालय, संग्रहालय की स्थापना आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित न्यास में कुल 28 सदस्य होंगे। इसमें 23 पदेन न्यासी सदस्य तथा 5 ख्याति प्राप्त विद्वत सदस्य, अशासकीय न्यासी सदस्य के रूप में नामांकित होंगे। अशासकीय न्यासी सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष होगा।

'श्रीकृष्ण पाथेय न्यास' का मुख्यालय भोपाल होगा। इसके लिये 6 पद सृजित किये जायेंगे। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास उद्देश्य की पूर्ति के लिये शासन अथवा अन्य स्रोतों से अनुदान एवं दान प्राप्त कर सकता है। न्यास के संचालन एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये शोध-सर्वेक्षण एवं विकास कार्य के लिये आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। न्यास के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के लिए तैयार विलेख में न्यास के अधिकार, कार्यकारी समिति, सदस्यों, कार्यकारी समिति के अधिकार, न्यासी सचिव के अधिकार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अधिकार, न्यास के लेखे एवं अंकेक्षण एवं न्यास के कार्यक्षेत्र एवं सीमा से संबंधित विषयों का विस्तारपूर्वक वर्णन होगा।

मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के चरण जहां-जहां पड़े उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित तथा संरक्षित करना और हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा के महत्व को समझने के लिए सम्बन्धित क्षेत्रों का प्रलेखन (डाक्युमेंटेशन), अभिलेखन (रिकॉर्डिंग), छायांकन, फिल्मांकन तथा चित्रांकन आदि करना शामिल है। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के अंतर्गत अवस्थित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं उनमें स्थित जल संरचनाओं, वन सम्पदा, उद्यान आदि की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन किया जायेगा। इन धार्मिक तीर्थ स्थलों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इसके साथ ही उज्जैन में 64 कलाओं और 14 विद्याओं की विधिवत शिक्षा के लिए सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना हेतु परामर्श, सुझाव एवं अन्य कार्यवाही की जायेगी।

केन्द्र एवं राज्य शासन के सर्व संबंधित विभागों के समन्वय से श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यटन की दृष्टि से विकास तथा विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना का विकास किया जायेगा। साथ ही जन-सामान्य को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूप से प्रबुद्ध करते हुए पर्यटकों, शोधार्थियों, युवाओं तथा सभी वर्ग के विद्यार्थियों की जानकारी के लिए पुस्तकालयों, संग्रहालयों तथा सूचना केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। न्यास द्वारा पौराणिक काल से वर्तमान समय तक भगवान श्रीकृष्ण को जगद्गत स्वरूप स्थापित करने में योगदान प्रदान करने वाले अनेक तेजस्वी नायकों, दार्शनिकों, मंत्रदृष्टा ऋषियों, संतों, मनीषियों, चिंतकों, कवियों, साहित्यकारों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के अवदान का रेखांकन एवं वाणियों का ध्वन्यांकन तथा फिल्मांकन होगा। भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरक कथाओं और चित्रों का चित्रांकन, उत्कीर्णन एवं शिल्पकला के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

चयनित 209 स्टॉफ नर्सों को नियुक्ति दिये जाने की स्वीकृति

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 27 जनवरी, 2022 को घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर स्टॉफ नर्स के पद पर चयनित 209 अभ्यर्थियों को विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में वर्तमान में उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति दिये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

इंगोरिया-उन्हेल सड़क मार्ग स्वीकृत

मंत्रिपरिषद ने उज्जैन जिला अंतर्गत इंगोरिया-उन्हेल (लंबाई 23.71 किलोमीटर) 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दी है। यह सड़क 23.71 किलोमीटर लंबी होगी एवं 127 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के माध्यम से विकसित की जायेगी।

फैक्ट फाइल

10 हजार 405 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रदेश में सड़कों का जाल

मध्यप्रदेश को 24 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

केंद्र की 40 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में स्थाई आधारभूत संरचना होगी विकसित

सड़क संपर्क विकास की आधारभूत कड़ी है। इससे आवागमन सुनिश्चित होता है जो विकास गतिविधियों के लिये आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन सरकार से प्रदेश में जहां सड़कों का विस्तार हुआ है वहीं विकास को नया आयाम मिल रहा है। इससे प्रदेशवासियों का जीवन सुविधाजनक हुआ है। सड़कों के सुदृढ़ नेटवर्क ने विकास की दिशा को गति प्रदान की है।

हाई स्पीड कॉरिडोर

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर परियोजना को मंजूरी दी। इसमें 4,613 करोड़ रुपये की लागत से 88 किलोमीटर लंबे इस हाई-स्पीड कॉरिडोर को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड पर विकसित किया जाएगा, जो आगरा और ग्वालियर के बीच यात्रा के समय को लगभग 50% तक कम कर देगा।

यह परियोजना मौजूदा 4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग की यातायात क्षमता को दोगुना से भी अधिक कर देगी। इससे उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। जिससे बेहतर पर्यटन उद्योग विकसित होगा।

सड़क नेटवर्क होगा सक्षम

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स की दक्षता में सुधार, भीड़भाड़ में कमी और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। यह 6-लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे उत्तरप्रदेश, राजस्थान और मध्यप्रदेश को जोड़ते हुए, आगरा जिले के गांव देवरी से शुरू होकर ग्वालियर जिले के गांव सुसरा तक जाएगा। इस परियोजना में NH-44 के मौजूदा आगरा-ग्वालियर खंड पर ओवरले और अन्य सड़क सुधार कार्य भी शामिल हैं।

देश में 50,655 करोड़ रुपये की लागत से 936 किलोमीटर की लंबाई में फैली 8 राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं में यह कॉरिडोर भी शामिल है, जो देश के परिवहन ढांचे को सुदृढ़ और सक्षम बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

भोपाल-कानपुर कॉरिडोर

मध्यप्रदेश को सड़क विकास की दिशा में एक और बड़ी सौगात मिली है, जिसमें भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए 3589.4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना में भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा तक के मार्ग को चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा।

इस परियोजना से यातायात सुगम होगा, यात्रा के समय में कमी आएगी, सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। इससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

हितेश शर्मा
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लिखते हैं)

जेसिका लेन

मिस अर्थ-2024 का जीता खिताब

ऑस्ट्रेलिया की जेसिका लेन ने मिस अर्थ-2024 का खिताब अपने नाम किया है। फिलीपींस के परानाक शहर में आयोजित मिस अर्थ प्रतियोगिता-2024 में 21 वर्षीय जेसिका ने 89 अन्य प्रतिभागियों को पछाड़कर यह प्रतियोगिता जीती। अल्बानिया की पूर्व मिस अर्थ ड्रिता जिरी ने जेसिका लेन को मिस अर्थ-2024 का ताज पहनाया। जेसिका मिस अर्थ का खिताब हासिल करने वाली पहली ऑस्ट्रेलियन सुंदरी हैं। उल्लेखनीय है कि मिस वर्ल्ड, मिस यूनिवर्स और मिस इंटरनेशनल के साथ ही मिस अर्थ प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता है।

शिगरू इशिबा

फिर चुने गए जापान के प्रधानमंत्री

जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेता शिगेरू इशिबा को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री चुना है। इशिबा ने 465 सदस्यीय निचले सदन में विपक्ष के नेता योशिहिको नोडा को 160 के मुकाबले 221 वोट से हराया। इशिबा जापान के 103वें प्रधानमंत्री बने हैं। इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को पिछले महीने हुए आम चुनाव में 209 सीटें मिली थीं और गठबंधन बहुमत से दूर रह गया था।

हुइन्ह थी थान थ्यू

मिस इंटरनेशनल-2024 बनीं

वियतनाम की 22 वर्षीय मॉडल हुइन्ह थी थान थ्यू मिस इंटरनेशनल-2024 बन गई हैं। हुइन्ह ने जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित समारोह में 71 प्रतिभागियों को पछाड़कर मिस इंटरनेशनल का ताज पहना। समारोह में बोलिविया की केमिला रोका दूसरे और स्पेन की अल्बा पेरेज तीसरे स्थान पर रहीं। यह पहला अवसर है जब वियतनाम की किसी प्रतिभागी ने मिस इंटरनेशनल का खिताब हासिल किया है।

सोनू सूद

थाईलैंड पर्यटन के ब्रांड एम्बेसडर बने



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को थाईलैंड सरकार ने उनकी उपलब्धियों को देखते हुए थाईलैंड पर्यटन मंत्रालय का 'ब्रांड एम्बेसडर' और 'आनरेरी टूरिज्म एडवाइजर' नियुक्त किया है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि थाईलैंड पर्यटन का ब्रांड एम्बेसडर और एडवाइजर बनने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए नई उपलब्धि है जो न केवल उनके अभिनय कॅरियर बल्कि उनके मानवतावादी कार्यों को वैश्विक पहचान दिलाती है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान किए गए मानवीय प्रयासों के कारण सोनू सूद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

भारतीय रिज़र्व बैंक की

नब्बे वर्ष की यात्रा पर बनेगी वेब सीरीज

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की 90 वर्ष की यात्रा पर एक वेब सीरीज बनने वाली है, जिसे देखकर लोगों को देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में केंद्रीय बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानने में आसानी होगी। आरबीआई ने बताया कि वर्ष 1935 में स्थापित आरबीआई ने इस वर्ष अप्रैल में 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस वेब सीरीज में आरबीआई की वर्ष 1935 से अब तक की यात्रा को 30-30 मिनट के पांच एपिसोड के जरिए बताया जाएगा। आरबीआई ने 6.5 करोड़ रुपये में वेब सीरीज तैयार करने की निविदा प्रोडक्शन हाउस स्टार इंडिया को सौंपी है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष नामित

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि न्यायमूर्ति गवई का नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामांकन प्रभावी हो गया है। उल्लेखनीय है कि नालसा का कार्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना है। भारत के प्रधान न्यायाधीश नालसा के मुख्य संरक्षक होते हैं, जबकि प्रधान न्यायाधीश के बाद सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश इस संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष होते हैं।

चिन्मय शर्मा

2.08 मीटर ऊंचाई तक 360 डिग्री का किक लगाकर बनाया रिकॉर्ड

भारत के मार्शल आर्ट कलाकार चिन्मय शर्मा ने मार्शल आर्ट 360 डिग्री का किक में 2.08 मीटर (6 फीट 9 इंच) की ऊंचाई तक 360 डिग्री का किक लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। चिन्मय ने यह कारनामा नई दिल्ली में किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने एक वीडियो जारी कर चिन्मय के रिकॉर्ड की जानकारी दी। चिन्मय के नाम कई अन्य रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। इनमें एक मिनट में सर्वाधिक फुट कॉन्टेक्ट एल्बो स्ट्राइक लगाने और एक मिनट में सर्वाधिक कोहनी प्रहार (334) करने जैसे रिकॉर्ड शामिल हैं।

माइक वॉल्ट्ज

अमेरिका के नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने सांसद माइक वॉल्ट्ज को देश का नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। वह 20 जनवरी, 2025 को मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान की जगह लेंगे। वॉल्ट्ज अमेरिकी सेना की स्पेशल यूनिट फोर्स 'ग्रीन बेरे कमांडो' में रह चुके हैं और तालिबान के खिलाफ जंग का हिस्सा रहे हैं। वॉल्ट्ज इंडिया कॉकस से जुड़े हैं, इंडिया कॉकस अमेरिकी सांसदों का एक ग्रुप है, जो भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने का काम करता है। वॉल्ट्ज को भारत समर्थक और चीन, पाकिस्तान और ईरान विरोधी माना जाता है।

विक्रम मिस्री

विदेश सचिव को दो वर्ष का सेवा विस्तार मिला



केंद्र सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री को दो वर्ष का सेवा विस्तार दिया है। विदेश सचिव मिस्री 30 नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन केंद्रीय केबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनका कार्यकाल 14 जुलाई, 2026 तक बढ़ा दिया है। विवेक मिस्री भारतीय विदेश के वर्ष 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने इस वर्ष जुलाई में विदेश सचिव का पदभार संभाला था। इससे पहले वह विदेश मंत्रालय में कई पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह यूरोप, अफ्रीका, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भारतीय मिशन में काम कर चुके हैं। वह चीन, स्पेन और म्यांमार में भारत के राजदूत रहे हैं।

डॉ. नवीन रामगुलाम

तीसरी बार बने मॉरीशस के प्रधानमंत्री

भारतवंशी डॉ. नवीन रामगुलाम तीसरी बार मॉरीशस के प्रधानमंत्री बन गए हैं। रामगुलाम ने निवर्तमान प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की जगह ली। जुगनाथ की पार्टी मिलिटेंट सोशलिस्ट मूवमेंट को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। मॉरीशस में हुए संसदीय चुनावों में डॉ. नवीन रामगुलाम की लेबर पार्टी के नेतृत्व वाले अलायंस फॉर चेंज ने बंपर जीत दर्ज की है। 12वें संसदीय चुनाव में 62 सीटों के लिए मतदान हुआ, जिसमें अलायंस फॉर चेंज ने 60 सीटें अपने नाम कीं। डॉ. नवीन रामगुलाम के पिता शिवसागर रामगुलाम भी वर्ष 1995 से 2000 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

शेख हसन खान

सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर की चढ़ाई

केरल के शेख हसन खान ने विश्व के सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने की उपलब्धि हासिल की है। शेख हसन ने ऑस्ट्रेलिया में माउंट कोसियसको की चढ़ाई पूरी करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 10 नवंबर को माउंट कोसियसको पर चढ़ाई पूरी कर वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शेख हसन अब तक अंटार्कटिका में माउंट विंसन, एशिया में माउंट एवरेस्ट, उत्तरी अमेरिका में माउंट डेनाली, अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो, यूरोप में माउंट एल्ब्रुस, दक्षिण अमेरिका में माउंट एकॉनकागुआ और अब ऑस्ट्रेलिया में माउंट कोसियसको पर चढ़ाई कर चुके हैं।

सामंथा हार्वे

उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए जीता बुकर पुरस्कार

ब्रिटेन की जानी मानी लेखिका सामंथा हार्वे ने अपने उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए कथा साहित्य श्रेणी में इस वर्ष का बुकर पुरस्कार जीता है। सामंथा का यह पांचवां उपन्यास है। यह उपन्यास अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रह रहे छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दिन की कहानी पर आधारित है। उन्होंने यह उपन्यास कोविड महामारी में लॉकडाउन के दौरान लिखा था। नवंबर 2023 में प्रकाशित हुआ यह उपन्यास ब्रिटेन में वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा बिकने वाला उपन्यास है। यह उपन्यास महज 136 पृष्ठों का है जो बुकर पुरस्कार जीतने वाला दूसरा सबसे छोटा उपन्यास है।

मार्को रुबियो

अमेरिका के नए विदेश मंत्री होंगे

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीनेटर मार्को रुबियो को देश का अगला विदेश मंत्री नामित किया है। ट्रंप ने कहा कि यह ऐलान करते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि मार्को रुबियो को अमेरिका के विदेश मंत्री के रूप में नामित किया गया है। वह अमेरिका के लिए एक मजबूत पैरोकार और निडर नेता होंगे जो कभी भी विरोधियों के सामने नहीं झुकेंगे। रुबियो अभी सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष और विदेश संबंध समिति के सदस्य हैं। ट्रंप ने मैट गेट्ज को अमेरिका का अटॉर्नी जनरल और लेफ्टिनेंट तुलसी गेबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

स्मृति शेष

दुनिया की पहली मिस वर्ल्ड किकी हकेन्सन का निधन



दुनिया की पहली विश्व सुंदरी बनीं स्वीडन की मॉडल किकी हकेन्सन का निधन हो गया है। वह 95 वर्ष की थीं। किकी के परिजनों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्होंने कैलिफोर्निया स्थित अपने घर में नींद में ही अंतिम सांस ली। किकी हकेन्सन ने वर्ष 1951 में लंदन में आयोजित मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था।

तमिल अभिनेता दिल्ली गणेश का निधन

तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता दिल्ली गणेश (गणेशन) का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। एक अगस्त 1944 को जन्में दिल्ली गणेश ने 400 से अधिक तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अभिनय किया है। फिल्मों में आने से पहले गणेश 10 वर्षों तक भारतीय वायुसेना में भी रहे हैं।

बंगाली अभिनेता मनोज मित्रा का निधन



प्रसिद्ध बंगाली अभिनेता और थिएटर कलाकार मनोज मित्रा का निधन हो गया है। 85 वर्षीय मनोज कुछ दिनों से बीमार थे। मनोज मित्रा ने अपने लंबे कॅरियर के दौरान बुद्धदेब दासगुप्ता, बासु चटर्जी, तरुण मजूमदार, शक्ति सामंत और गौतम घोष जैसे निर्देशकों के साथ काम किया है। मनोज मित्रा ने 100 से अधिक नाटक लिखे और उनका मंचन किया। वर्ष 1985 में मनोज को सर्वश्रेष्ठ नाटककार के लिए प्रसिद्ध संगीत नाटक अकादमी का पुरस्कार भी मिला है।

सरोद वादक आशीष खान देब शर्मा का निधन



संगीत की दुनिया के विख्यात सरोद वादक आशीष खान देब शर्मा का 85 वर्ष की आयु में अमेरिका के कैलिफोर्निया में निधन हो गया है। वह संगीत के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध मैहर घराने के संस्थापक उस्ताद अलाउद्दीन खां के पौत्र थे। वह अमेरिका में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ द आर्ट्स और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में भारतीय शास्त्रीय संगीत के सहायक प्रोफेसर भी रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)
खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष : 07592-297001

E-mail : deangmcvidisha@gmail.com, Website : www.gmcvidisha.org

क्रमांक 5001/स्था./राज./इन-हाउस विज्ञप्ति-15/24 **विदिशा, दिनांक : 13.11.2024**

संशोधित सूचना

अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा द्वारा चिकित्सा शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने हेतु इन-हाउस जारी विज्ञप्ति क्रमांक 4968/स्था. राज/इन-हाउस विज्ञप्ति-15 (शैक्षणिक)/24 दिनांक 11.11.2024 में वर्णित रिक्त पदों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। जिसका विवरण तालिका में निम्नानुसार है :–

PROFESSOR/ASSOCIATE PROFESSOR/ASSISTANT PROFESSOR
(Promotion/Direct Recruitment) For In-house Candidate only

S. No.	Subject/Department	Process of Direct Recruitment will be followed for below posts Advertised if no eligible candidate is available (समय-समय पर जारी म.प्र. शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के एवं शासन के अन्य आदेश)											
		PROFESSOR				ASSOCIATE PROFESSOR				ASSISTANT PROFESSOR			
		UR	SC	ST	OBC	UR	SC	ST	OBC	UR	SC	ST	OBC
1	General Medicine	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-
2	Obs & Gyne	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-
3	Dermatology	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4	Radiodiagnosis	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-
5	Psychiatry	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6	Surgery	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-	-	-
7	Community Medicine	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	-	-
8	Physiology	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
9	Anaesthesia	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
10	Emergency Medicine	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
11	PMR	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-
Total Departments-11 Total Posts-13		Total UR-7				UR-3, ST-2, Total=5				Total UR-1			

महाविद्यालय स्तर पर जारी इन-हाउस जारी विज्ञप्ति क्रमांक 4968/स्था.राज/इन-हाउस विज्ञप्ति-15 (शैक्षणिक)/24 दिनांक 11.11.2024 में रिक्त पदों में उपरोक्तानुसार एवं अंतिम तिथि को संशोधित कर अंतिम तिथि 18.11.2024 के स्थान पर **दिनांक 03.12.2024** की जाती है।

नोट :– उक्त विज्ञप्ति केवल महाविद्यालय में कार्यरत आंतरिक चिकित्सक शिक्षकों हेतु जारी की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

जी-19031/50263/2024

(पृष्ठ 10 का शेष)

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात् डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें नियमानुसार मुख्य तथा प्रावधिक दोनों ही भागों में अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
6. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।
7. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक TRANSFER PETITION (C) No. 1120 OF 2023 Dated 02.09.2024 एवं माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक-5596/2024, 2108/2022 एवं समान अन्य याचिकाओं व माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक-एस.एल.पी. 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
8. सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 में उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि विद्वान (रिक्त पदों के विरुद्ध एवं जनभागीदारी) तथा मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में संविदा आधार पर कार्यरत अतिथि विद्वानों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे।
9. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
10. आयोग की बैठक दिनांक 30.10.2023 में लिए गए निर्णय क्रमांक-31 के अनुसार सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) परीक्षा-2022 की अंतिम उत्तरकुंजी में विलोपित किए गए प्रश्नों के अंक परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान रूप से प्रदाय किए गए हैं अर्थात् प्रश्न पत्र के दोनों खण्ड "अ" एवं "ब" के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक की गणना हेतु निर्धारित पूर्णांक यथावत हैं।
11. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख **दिनांक 05.12.2024 तक** निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

प्रति,
सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग.
रेसीडेंसी एरिया,
इंदौर

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) परीक्षा-2022** के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-19171/50268/2024 **उप परीक्षा नियंत्रक**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/वर्ष 2024-25/कार्य.यं. **नरसिंहपुर, दिनांक : 18.11.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के वार्षिक संधारण मरम्मत विशेष मरम्मत, रंगाई, पुताई एवं अन्य समस्त प्रकार के मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर।

टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2024_PWDRB_382721_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	19.50	40,000	2,000	प्रथम आमंत्रण	31.03.2025 तक	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
2. उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत करेली, बरमान एवं तेन्दूखेड़ा के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के वार्षिक संधारण मरम्मत विशेष समस्त, रंगाई, पुताई एवं अन्य समत प्रकार के मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर।								
2024_PWDRB_382722_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	10.00	20,000	2,000	प्रथम आमंत्रण	31.03.2025 तक	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
3. उपसंभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत सड़क मरम्मत किलोमीटर स्टोन, पाईन्ट स्टोन साईन बोर्ड आदि रखरखाव कार्य।								
2024_PWDRB_382723_1	नरसिंहपुर	सड़क मरम्मत	9.90	20,000	2,000	प्रथम आमंत्रण	01 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
4. उपसंभाग गाड़रवारा के अंतर्गत सड़क मरम्मत किलोमीटर स्टोन, पाईन्ट स्टोन साईन बोर्ड आदि रखरखाव कार्य।								
2024_PWDRB_382724_1	नरसिंहपुर	सड़क मरम्मत	5.05	10,500	2,000	प्रथम आमंत्रण	01 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
5. उपसंभाग गोटेगांव के अंतर्गत सड़क मरम्मत किलोमीटर स्टोन, पाईन्ट स्टोन साईन बोर्ड आदि रखरखाव कार्य।								
2024_PWDRB_382725_1	नरसिंहपुर	वार्षिक संधारण भवन	2.07	4,500	2,000	प्रथम आमंत्रण	01 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
6. गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत देवनगर कुटरी से केसली नांदिया मार्ग लंबाई 3.75 कि.मी. का निर्माण कार्य।								
2024_PWDRB_382726_1	नरसिंहपुर	निर्माण	446.16	4,46,500	15,000	प्रथम आमंत्रण	10 माह वर्षाऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
		योग-	**492.68**					

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.11.2024,** (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत दिनांक 30.11.2024, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग नरसिंहपुर

जी-19200/50269/2024

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर परिक्षेत्र सागर
फोन नं. : 07582-220840, ई-मेल आई.डी. : cepwdsagar@mp.nic.in

एनआईटी नं.-04/2024-25/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 18.11.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :–

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. फोरलेन से खेजराबाग मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 3.50 कि.मी. अनुमानित लागत 431.90 लाख।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	रिमार्क
2024_PWDRB_383223_1	सागर	43190000	431900	15000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. पथरिया जाट से सिरोजा पामाखेड़ी फोर लाइन मार्ग का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 451.12 लाख।						
2024_PWDRB_383225_1	सागर	45112000	451120	15000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग देवरी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित लं. 4.30 कि.मी. अनु. लागत 389.77 लाख। 1. डोंगर सलैया से इमझिरा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 1.70 कि.मी. अनु. लागत 198.58 लाख। 2. कोपरा से ढाकनपुरा मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.60 कि.मी. का निर्माण कार्य अनु. लागत 191.19 लाख।						
2024_PWDRB_383226_1	सागर	38977000	389770	15000	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
		127279000				

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 21.11.2024 समय 10.00 से **दिनांक 03.12.2024** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ.स.) संभाग क्र. 1 सागर

जी-19323/50285/2024

पीएम ई-ड्राइव योजना

स्वच्छ और हरित परिवहन की दिशा में सराहनीय पहल

सरकार ऐसे समाधान तलाश रही है, जो न केवल पर्यावरण की सुरक्षा करें, बल्कि लोगों के जीवन को भी बेहतर बनाएं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सरकार ने 'प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव)' योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में बिजली आधारित परिवहन को बढ़ावा देना है, जिससे नागरिकों को सस्ता और पर्यावरण हितैषी परिवहन उपलब्ध हो सके।

योजना का उद्देश्य और महत्व

पीएम ई-ड्राइव योजना के माध्यम से सरकार का मुख्य उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके लिए सरकार सब्सिडी भी देगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से न केवल प्रदूषण में कमी होगी, बल्कि लोग ईंधन की बढ़ती कीमतों से भी राहत पा सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत शहरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की स्थापना भी की जाएगी, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और चार्जिंग की सुविधा भी आसानी से मिल सकेगी।

इन वाहनों पर मिलेगी सब्सिडी

इस योजना के तहत सरकार ने विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देने का लक्ष्य तय किया है। योजना के तहत सरकार 3 हजार 679 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। यह सब्सिडी ई-2 डब्ल्यू (इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन), ई-3 डब्ल्यू (इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन), ई-एम्बुलेंस, ई-ट्रक, ई-बसें आदि वाहनों पर मिलेगी।

- **ई-2 डब्ल्यू** - योजना के तहत लगभग 24.79 लाख दोपहिया वाहनों को सहायता मिलेगी, जिससे आम लोगों को किफायती परिवहन साधन प्राप्त होगा।
- **ई-3 डब्ल्यू** - लगभग 3.16 लाख तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे छोटे व्यवसायों और परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।
- **ई-बसें** - योजना के तहत 14 हजार 28 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर सहायता दी जाएगी, जिससे शहरों में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक स्वच्छ और सुलभ बनाया जा सकेगा। यह पहल देश में सार्वजनिक परिवहन को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत सरकार इंटरसिटी और अंतर्राज्यीय ई-बसों को भी प्रोत्साहन देगी। ई-बसों की उपलब्धता बढ़ने से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि यात्री सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी होगी।
- **ई-एम्बुलेंस** - ई-एम्बुलेंस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में भी सहायक होगी। इस योजना के माध्यम से मरीजों के आरामदायक परिवहन के लिए ई-एम्बुलेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- **ई-ट्रक** - भारत में ट्रक परिवहन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। देश की आर्थिक धारा को गतिशील बनाने में ट्रकों की अहम भूमिका है। हालांकि पेट्रोल-डीजल से चलने वाले ट्रक वायु प्रदूषण के लिए भी प्रमुख योगदानकर्ता माने जाते हैं। योजना के अंतर्गत ई-ट्रकों को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जिससे वायु प्रदूषण को कुछ हद तक कम किया जा सकेगा।

चार्जिंग स्टेशनों को मिलेगा बढ़ावा

योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ईवी उपयोगकर्ताओं की चार्जिंग संबंधित चिंताओं को दूर करना है, जिससे ईवी की स्वीकार्यता और उपयोग में तेजी लाई जा सके। इस योजना में ईवीपीसीएस की स्थापना के लिए 2 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इन चार्जिंग स्टेशनों का उद्देश्य



न केवल शहरों में, बल्कि राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर भी चार्जिंग की सुविधाओं को सुलभ बनाना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को लंबी दूरी की यात्रा में चार्जिंग की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। योजना के तहत ई-4 डब्ल्यू (चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन) के लिए 22 हजार 100 फास्ट चार्जर, ई-बसों के लिए 1 हजार 800 फास्ट चार्जर, ई-2 डब्ल्यू और 3 डब्ल्यू (दो और तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहन) के लिए 48 हजार 400 फास्ट चार्जर लगाए जाएंगे।

सब्सिडी का लाभ लेने के लिए ई-वाउचर सुविधा

पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सरकार ने ईवी खरीदारों के लिए ई-वाउचर का प्रावधान किया है, जिससे वे योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। यह प्रक्रिया न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को सरल बनाती है, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित करती है। यह पूरी प्रक्रिया निम्न तरह से होगी -

- **ई-वाउचर** - योजना के तहत ईवी की खरीद के समय खरीदार को योजना के पोर्टल पर आधार प्रमाणित ई-वाउचर जारी किया जाएगा। इस वाउचर का मुख्य उद्देश्य ईवी खरीदारों को सब्सिडी का सीधा लाभ प्रदान करना है।
- **ई-वाउचर जारी करने की प्रक्रिया-** ईवी खरीदते समय योजना के पोर्टल पर खरीदार का आधार प्रमाणन किया जाएगा। इसके बाद खरीदार के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ई-वाउचर डाउनलोड करने के लिए एक लिंक भेजा जाएगा।
- **ई-वाउचर का उपयोग** - ई-वाउचर पर खरीदार के हस्ताक्षर किए जाएंगे और उसे इलेक्ट्रिक वाहन के डीलर को दिया जाएगा। डीलर भी इस ई-वाउचर पर हस्ताक्षर करेंगे और इसे पीएम ई-ड्राइव पोर्टल पर अपलोड करेंगे।
- **एसएमएस के माध्यम से पुष्टि** - जब ई-वाउचर पर खरीदार और डीलर दोनों के हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो प्रमाण के तौर पर दोनों के हस्ताक्षर युक्त ई-वाउचर एसएमएस पर भेजा जाएगा।

पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत ई-वाउचर की यह प्रक्रिया पारदर्शिता और डिजिटल क्रांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी में आसानी होगी, बल्कि सरकार और वाहन निर्माताओं के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा।

योजना के लाभ

- **पेट्रोल और डीजल की बचत-** पीएम ई-ड्राइव योजना से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की खपत में कमी आएगी। यह न केवल सरकार के ईंधन आयात पर निर्भरता को कम करेगा, बल्कि लोगों को भी ईंधन की बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से परिवहन लागत में भी कमी आएगी, जिससे लोगों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।
- **प्रदूषण में कमी** - इस योजना का सबसे बड़ा फायदा पर्यावरण को होगा। पेट्रोल और डीजल के उपयोग से निकलने वाला धुआं और कार्बन उत्सर्जन वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है। इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल इन हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करेगा, जिससे शहरों में प्रदूषण का स्तर घटेगा और वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। स्वच्छ और हरित परिवहन का सपना साकार करने में यह योजना एक बड़ा कदम है।
- **लोगों के लिए बेहतर अवसर** - सरकार इस योजना के अंतर्गत न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी प्रदान कर रही है, बल्कि इनके चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित करने पर ध्यान देगी। इससे लोग आसानी से इलेक्ट्रिक वाहन खरीद सकेंगे और उन्हें चार्जिंग की सुविधा भी सुलभ होगी।
- **रोज़गार के नए अवसर** - इस योजना के माध्यम से रोज़गार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण, चार्जिंग स्टेशन की स्थापना और मेंटेनेंस के लिए कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी, जिससे देश में रोज़गार के नए द्वार खुलेंगे। यह युवाओं के लिए रोज़गार की दृष्टि से एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे इस उभरते क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं।

योजना पर खर्च होंगे 10 हजार 900 करोड़ रुपये

पीएम ई-ड्राइव योजना 1 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगी। इन दो वर्षों के लिए 10 हजार 900 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास, उत्पादन और उनकी तकनीकी उन्नति में लगाया जाएगा। इसके साथ ही चार्जिंग स्टेशनों और अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर भी निवेश किया जाएगा।

हरित और स्वच्छ भविष्य की दिशा में बढ़ेगा भारत

पीएम ई-ड्राइव योजना एक क्रांतिकारी पहल है। यह गरीबों और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाएगी। एक ओर जहां लोगों को सस्ता और टिकाऊ परिवहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह योजना एक बड़ा कदम साबित होगी। यह योजना देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी और पेट्रोल-डीजल की आयात निर्भरता को कम करेगी। इसके साथ ही यह योजना भारत को हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर ले जाने में मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यह पहल देश को एक नई दिशा में ले जाने का प्रतीक है, जहां सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा दोनों को महत्व दिया गया है। आने वाले समय में पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से इस योजना के सकारात्मक प्रभाव देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

- निशा त्यागी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

भगवान श्रीराम और पांडवों की जीत का आधार उनके जीवन मूल्य ही थे - मुख्यमंत्री

भोपाल, भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और भारत प्राचीन काल से ही वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा का मुख्य केन्द्र रहा। कई देशों के विद्यार्थियों, राजकुमारों ने तक्षशिला, नालंदा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की। लेकिन ऐतिहासिक रूप से हमें ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता, जिसमें भारत में शिक्षा ग्रहण किए किसी व्यक्ति अथवा सत्ताधीश ने अन्य राज्य पर आक्रमण किया हो। यह तथ्य प्राचीन काल से चली आ रही हमारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ जीवन मूल्यों और नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होटल ताज में एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उच्च शिक्षा का बदलता स्वरूप और हमारे जीवन मूल्य' विषय पर आयोजित यह सम्मेलन सम-सामयिक महत्व का है। अतीत से लेकर वर्तमान तक की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के परिणाम स्वरूप ही घटित हुईं। रामायण काल में रावण हो या महाभारत काल में कौरव, योग्यता और क्षमता में कोई भी कम नहीं था, लेकिन उनके जीवन मूल्य और नैतिक मूल्य उचित नहीं थे, इसी कारण उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला और वे समाज में तथा इतिहास में सदैव नकारे गए। कर्ण की योग्यता अद्भुत थी, लेकिन उनकी दृष्टि, प्रतिशोध, जिद और नकारात्मक भाव ने उन्हें पतन की ओर अग्रसर किया। इसी प्रकार के उदाहरण हमें सोने की लंका बनाने वाले रावण के भी प्राप्त होते हैं। सभी प्रकार के वैभव और सामर्थ्य होने के बाद भी वे कभी स्वीकारे नहीं गए और नैतिक मूल्यों के आधार पर ही वनवासी श्रीराम ने उन्हें परास्त किया। अर्थात् यह नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों की ही विजय थी।

नई शिक्षा नीति के माध्यम से लागू किए जा रहे हैं कई नवाचार

डॉ. यादव ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे आदर्शों और जीवन मूल्यों का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इन संघर्षों में भी शांति के लिए प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से लागू नई शिक्षा नीति के माध्यम से पढ़ने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक लचीला, सरल और रुचिपूर्ण बनाते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों के विषयों के अध्ययन की सुविधा प्रदान की गई है। अध्ययन प्रक्रिया को आयु के बंधन से मुक्त करते हुए क्रेडिट प्रदान करने जैसे नवाचार भी प्रदेश में किए गए हैं।

चंबल नहर प्रणाली से मिलेगा मध्यप्रदेश के हिस्से का पूरा पानी

मुरैना, चंबल नहर प्रणाली से मध्यप्रदेश के हिस्से का पूरा पानी प्राप्त करने के लिये प्रदेश के जल संसाधन एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट लगातार प्रयासरत हैं। इस सिलसिले में उन्होंने राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत से टेलीफोन पर चर्चा की। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री श्री रावत ने मध्यप्रदेश के हिस्से का पूरा पानी उपलब्ध कराने के लिए श्री सिलावट को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा है कि चंबल नहर प्रणाली से पार्वती एक्वाडक्ट पर जल्द ही मध्यप्रदेश के हिस्से का पानी उपलब्ध कराया जायेगा। ज्ञात हो चंबल नहर प्रणाली से चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना व भिण्ड जिले की सिंचाई के लिये पानी मिलता है।

ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि चंबल नहर प्रणाली से श्योपुर, मुरैना व भिण्ड जिले के अंतर्गत 3 लाख 62 हजार 100 हैक्टेयर में सिंचाई होती है। उन्होंने बताया बीते दिनों मध्यप्रदेश-राजस्थान अंतर्राज्यीय नियंत्रण मण्डल कोटा की 29वीं तकनीकी समिति की बैठक में चंबल मुख्य नहर से मध्यप्रदेश की मांग के अनुसार पार्वती एक्वाडक्ट पर 3900 क्यूसेक पानी निरंतर उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ था, लेकिन मात्र 1800 से लेकर 2100 क्यूसेक पानी ही मध्यप्रदेश को दिया जा रहा है। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री से चर्चा की है।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि राजस्थान के जल संसाधन मंत्री ने जल्द से जल्द मध्यप्रदेश के हिस्से का पूरा पानी उपलब्ध कराने का को आश्वासन किया है। श्री सिलावट ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार अपने हिस्से का पूरा पानी प्राप्त करने के लिये कटिबद्ध है और इसके लिये लगातार राजस्थान सरकार के संपर्क में है।

जॉब अलर्ट

राजस्थान लोक सेवा आयोग

पद का नाम - प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा)
पदों की संख्या - 2202
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 04 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://rpsc.rajasthan.gov.in

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)

पद का नाम - वैज्ञानिक बी
पदों की संख्या - 22
योग्यता - यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीई, बीटेक, एमसीए अथवा अन्य समकक्ष डिग्री या इंजीनियरिंग अथवा तकनीकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री
अंतिम तिथि - 01 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.cdac.in

भारतीय सांख्यिकी संस्थान

पद का नाम - इलेक्ट्रिशियन, ऑपरेटर सह मैकेनिक (लिफ्ट)
पदों की संख्या - 06
योग्यता - संबंधित विषय में आईटीआई सर्टिफिकेट होना अनिवार्य
अंतिम तिथि - 01 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://recruitment.itb-police.nic.in

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

पद का नाम - उप महाप्रबंधक (सतर्कता), सहायक प्रबंधक (सतर्कता), प्रबंधन प्रशिक्षु (मानव संसाधन), प्रबंधन प्रशिक्षु (गुण नियंत्रण), प्रबंधन प्रशिक्षु (विद्युत अभियांत्रिकी), वरिष्ठ प्रशिक्षु (सतर्कता), प्रशिक्षु (कृषि), प्रशिक्षु (गुण नियंत्रण), प्रशिक्षु (विपणन), प्रशिक्षु (मानव संसाधन), प्रशिक्षु (आशुलिपिक), प्रशिक्षु (लेखा), प्रशिक्षु (कृषि भंडार), प्रशिक्षु (कृषि अभियांत्रिकी), प्रशिक्षु (तकनीशियन)-विभिन्न ट्रेड्स
पदों की संख्या - 188
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 30 नवंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.indiaseeds.com

राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान

पद का नाम - ब्रेल विकास अधिकारी, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक, टीजीटी अंग्रेजी, हिन्दी अनुवादक
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 नवंबर, 2024
वेबसाइट - https://niepvd.nic.in

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड

पद का नाम - सीएमएम (लेवल-5) इंजीनियर, मिडल स्पेशलिस्ट, जूनियर स्पेशलिस्ट
पदों की संख्या - 24
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 नवंबर 2024
वेबसाइट - https://www.hal-india.co.in

आयुध निर्माणी मेदक

पद का नाम - कनिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक, उत्पादन, गुणवत्ता, एकीकृत सामग्री प्रबंधन, वैद्युत, व्यवसाय विश्लेषण विज्ञान), डिप्लोमा तकनीशियन (यांत्रिक, धातुकर्म, वैद्युत, टूल डिजाइन, डिजाइन, गुणवत्ता एवं निरीक्षण), सहायक (मानव संसाधन, भंडार, साचिविक), कनिष्ठ सहायक
पदों की संख्या - 86
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 29 नवंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.avnl.co.in

इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया

पद का नाम – जूनियर असिस्टेंट मैनेजर, एक्जीक्यूटिव सेल्स एंड ऑपरेशंस
पदों की संख्या - 600
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 30 नवंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.idbibank.in

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

पद का नाम - असिस्टेंट प्रोफेसर, सीनियर रेसीडेंट
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 02 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://api.amu.ac.in

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

पद का नाम - चीफ मैनेजर, सीनियर मैनेजर, मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर
पदों की संख्या - 253
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 03 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.centralbankofindia.co.in

स्कॉलरशिप अलर्ट

एसडीईएफ इंडिया स्कॉलरशिप 2024-25

संस्थान का नाम - स्वामी दयानंद शिक्षा फाउंडेशन
योग्यता - भारतीय विद्यार्थी जो इंजीनियरिंग, मेडिकल, आर्किटेक्चर आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों या अन्य पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं तथा उन्होंने सीबीएसई बोर्ड से बारहवीं कक्षा में कम से कम 80 प्रतिशत अंक या अन्य बोर्डों से 70 प्रतिशत अंक हासिल किए हों।
छात्रवृत्ति राशि - 50 हजार रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://www.swamidayanand.org

एडमिशन अलर्ट

इंटरनेशनल स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मीडिया

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम मार्केटिंग
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण। स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://isbm.ac.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)



हमारा जिला-उमरिया

ऐतिहासिक, वन्यप्राणी और पर्यटन की दृष्टि से परिपूर्ण है उमरिया

मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज, जलवायु, खनिज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है उमरिया जिले का परिचय-

उमरिया जिला मध्यप्रदेश के उत्तर पूर्व में स्थित है। जिले में वन की बहुलता है। कुल क्षेत्रफल का लगभग 42 प्रतिशत भाग केवल वनों से आच्छादित है और खनिजों से समृद्ध है। जिले में पाया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण खनिज कोयला है। यहां साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड द्वारा 8 खदानें संचालित की जा रही हैं। जिले में प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान (ताला) और संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन मंगथर (पाली) स्थित हैं। उमरिया सड़क मार्ग से कटनी, रीवा शहडोल से जुड़ा हुआ है। जिन पर नियमित बसें चलती हैं। उमरिया दक्षिण-पूर्वी रेलवे के कटनी-बिलासपुर खंड पर एक रेलवे स्टेशन भी है।

इतिहास

उमरिया पर लोधी राजपूतों का शासन था। लोधी राजपूत परिवार ने नर्मदा बरमान घाट के दक्षिणी तट पर लक्ष्मी नारायण मंदिर बनवाया था। उन्होंने बरमान घाट करकेली के उत्तरी तट की सीढ़ियों पर हाथी दरवाजा नामक एक बड़ा प्रवेश द्वार भी बनवाया था, ताकि उनके हाथियों का आवागमन हो सके। बांधवगढ़ का किला मंडला के सोमदत्त कलचुरि की बेटी पदमकुंवारी ने महाराजा व्याघ्रदेव के बेटे करण देव को दिया था। बांधवगढ़ बघेल वंश की प्रारंभिक राजधानी थी। घने जंगल और बाघों की वजह से उमरिया हमेशा से कई राजकुमारों और राजाओं का पसंदीदा शहर रहा है। स्वतंत्रता के बाद उमरिया शहडोल जिले का हिस्सा था। 1998 में इसे शहडोल से अलग कर एक अलग जिला बना दिया गया।

बांधवगढ़ का किला

बांधवगढ़ उमरिया जिले की तहसील है। वर्तमान में इसका मुख्यालय उमरिया है। बांधवगढ़ किला पुरातात्विक और

ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। यह एक प्राकृतिक अभेद्य किला है। समुद्र तल से लगभग 2430 मीटर की दूरी पर एक पहाड़ी पर स्थित है। बामनिया पहाड़ी भी किले का एक हिस्सा है, क्योंकि यह एक प्राचीर से घिरा है। यह किला उमरिया शहर से लगभग 41 किलोमीटर की दूरी पर रीवा-उमरिया मार्ग पर है।

चंदिया

चंदिया लगभग 21 किलोमीटर की दूरी पर उमरिया-कटनी मार्ग पर स्थित है। चंदिया में रेलवे स्टेशन है। चंदिया का सबसे महत्वपूर्ण स्थान देवी कालिका का मंदिर है। यहां भगवान राम और माता जानकी का एक पुराना मंदिर भी है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां एक छोटा सा मेला लगता है।

पाली बिरसिंहपुर

पाली उमरिया-शहडोल मार्ग पर, लगभग 36 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एक अन्य सड़क पाली से मंडला होते हुए डिंडोरी जाती है। पाली एक रेलवे स्टेशन भी है, और पर्यटकों के ठहरने के लिए एक विश्राम गृह भी है। स्टेशन को पाली-बिरसिंहपुर स्टेशन के रूप में जाना जाता है। रेलवे स्टेशन के पास एक मंदिर है, जो बिरासिनी देवी का स्थान है। नवरात्रि के अवसर पर, देवी के मंदिर के पास, वार्षिक मेले अक्टूबर और मार्च दोनों समय में आयोजित किए जाते हैं।

उमरिया टाउन

उमरिया शहर जिले का मुख्यालय है यह शहडोल से लगभग 69 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेलवे स्टेशन के पास एक शिव मंदिर है, जिसे सागर मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह एक पुराना मंदिर था, जिसे फिर से बनाया गया है। पास ही ज्वालामुखी मंदिर है। शहर से 6.5 किलोमीटर दूर खजुराहो पैटर्न के समान नक्काशी के साथ एक और मंदिर है। इसे मारीवाल मंदिर के रूप में जाना जाता है। उमरिया अपनी कोयला-खदानों के लिए प्रसिद्ध है, जिसे 1881 में भारत सरकार द्वारा खोला गया था।

रुचि के स्थान

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान - बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में विविध जीवों की बहुलता है। विभिन्न जीवों की उपस्थिति के कारण यहां समृद्ध परिस्थितिकी तंत्र है। यहां छोटी-

छोटी तितलियों से लेकर बाघों तक को देखा जा सकता है। पार्क में बाघों की उपस्थिति के कारण यह दुनियाभर में विख्यात है। यहां के जीव-जंतुओं में प्रमुख प्रजातियों में चीतल, सांभर, हिरण, नीलगाय, चिंकारा, जंगली सुअर, चौसिंगा, लंगूर, रीसस मकाक, बाघ, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, भेड़िया, सियार, लोमड़ी, जंगली बिल्ली, भालू, साही, भारतीय पैंगोलिन, चमगादड़ आदि शामिल हैं। इसके अलावा यहां पक्षियों की 250 से अधिक प्रजातियां हैं।

बांधवगढ़, धाराओं, दलदल, लकड़ी के किनारों और जंगली फूलों की बहुतायत के कारण, तितलियों के लिए एक स्वर्ग है। इनकी 70 से अधिक प्रजातियां दर्ज की गई हैं, जिनमें आम गुलाब, ब्लू टाइगर, धारीदार बाघ, महान अंडाकार, आम कौवा, आम और मोटेड इमिग्रेंट, स्पॉट तलवार, मोर मोरनी और नारंगी ओकलीफ शामिल हैं।

किले के आधार पर भगवान विष्णु की शेष शैय्या की मूर्ति है। किला क्षेत्र में भगवान विष्णु के सभी अवतारों की मूर्तियां हैं। किला मानव निर्मित गुफाओं से घिरा हुआ है, जिनमें शिलालेख, नक्काशी और पेंटिंग हैं। बांधवगढ़ रीवा राज्य का पसंदीदा क्षेत्र था, इसलिए यह अवैध शिकार और अवैध कटाई से पूरी तरह सुरक्षित था। वर्ष 1968 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में इसे स्थापित किया गया था। वर्ष 1982 और 1993 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। यहां चट्टान फेकड्सपैथिक बलुआ पत्थर है, जो बारिश के पानी को भिगोता है और इसे स्प्रिंग्स के माध्यम से जारी करता है, जिससे कई बारहमासी धाराएं निकलती हैं। पार्क की प्रमुख धाराएं चरणगंगा, दम्मर, जनाद और उमरार हैं। जंगल उष्ण कटिबंधीय नम पर्णपाती बेल्ट के भीतर पड़ता है, जिसमें साल और बांस की बहुलता है, जो साजा, धवारा, अर्जुन, महुआ, अचार, आंवला, आदि जैसे एक-दूसरे के साथ अलग-अलग मिश्रण बनाते हैं। यहां एक गाइड और एक परमिट से भ्रमण संभव है। प्रवेश द्वार पर मार्गदर्शिकाएं उपलब्ध हैं। पैदल भ्रमण की अनुमति नहीं है। पार्क अक्टूबर से जून तक पर्यटकों के लिए खुला रहता है।

नौरोजाबाद - नौरोजाबाद शहर (जोहिला) क्षेत्र में पाए जाने वाले कोयले के भंडार से समृद्ध है। कोयला खदानों के कारण इस क्षेत्र में कोयला औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ है। भारत में सबसे प्रतिष्ठित शासकीय उपक्रम और सबसे बड़ा कोयला उत्पादक उद्योग, साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड इसी क्षेत्र में स्थित है। नौरोजाबाद कोयला उद्योग के 13 प्रशासनिक क्षेत्रों में से एक है। यह जोहिला क्षेत्र का मुख्यालय है। शहर में रोज़गार का प्रमुख स्रोत साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदानें हैं। यह जोहिला नदी के तट पर बसा एक शहर है।

बड़ेरी - बड़ेरी उमरिया जिले में एक ग्राम पंचायत है। यह उमरिया से लगभग 5 किलोमीटर (3.1 मील) दूर बांधवगढ़ रोड पर स्थित है। यह रीवा रियासत के अंतर्गत एक जागीर थी। इस पर बाघेला राजपूतों का शासन था। यहाँ नंद महल और बड़ेरी किला है, जो 17वीं शताब्दी का है। नंद महल का निर्माण बाघेला सरदार लाल अहलाद सिंह ने 1750 के दशक में करवाया था और बड़ेरी किले का आधा हिस्सा लोधी राजपूतों ने बनाया था, जिसे बाद में लाल रामनाथ सिंह ने जीतकर 1850 के दशक में बनवाया था।

मानपुर - मानपुर उमरिया जिले का ब्लॉक और सबसे बड़ी तहसील है। यह जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर है। ताला-जयसिंह नगर रोड पर बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 12 किलोमीटर है। मानपुर तहसील में 84 ग्राम पंचायतें हैं।

मंगथर बांध (बिरसिंहपुर जलाशय)- बिरसिंहपुर जलाशय बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन से 12 से 13 किलोमीटर (7.5-8.1 मील) की दूरी पर स्थित है। इस जलाशय का निर्माण संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन के लिए किया गया है। यह जलाशय जोहिला नदी पर बना है, जो मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में अमरकंटक के पास से निकलती है। जोहिला नदी सोन नदी की एक सहायक नदी है, जो दक्षिणी तट से गंगा नदी की दूसरी सबसे बड़ी सहायक नदी है।

जिला एक नजर

क्षेत्र 4,548 वर्ग किलोमीटर
जनसंख्या - 644,758
(वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
भाषा - हिन्दी
पुरुष - 330,674, महिला - 314,084
विशेष - लगभग 83 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

खेल चर्चा

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की वन-डे सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज पांच दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होगी। 16 सदस्यीय भारतीय टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथ में रहेगी। भारतीय टीम में ऋचा घोष की वापसी हुई, जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली को टीम में जगह नहीं मिली है। शेफाली काफी समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रही हैं। पिछले कई मैचों से शेफाली ने बड़ी पारी नहीं खेली थी। उन्होंने इस वर्ष छह वन-डे मैचों में महज 108 रन ही बनाए थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों की वन-डे सीरीज का पहला मैच 5 दिसंबर को ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा मैच भी ब्रिस्बेन में 8 दिसंबर को खेला जाएगा, वहीं तीसरा मैच 11 दिसंबर को पर्थ में खेला जाएगा।

एशियन महिला हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी

भारत ने चीन को हराकर जीता खिताब

राजगिर, भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीसरी बार एशियन महिला हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया। भारतीय टीम के लिए निर्णायक गोल दीपिका ने किया।

गत चैम्पियन के तौर पर उतरी भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान दमदार खेल दिखाया और खिताब बरकरार रखने में सफल रही। टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच नहीं हारने वाली भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जापान को मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारतीय टीम को चीन की टीम से कड़ी टक्कर मिली। पहले दो क्वार्टर तक दोनों ही टीमें गोल करने में सफल नहीं हो सकीं। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने अपनी रणनीति में बदलाव किया, जिसका फायदा भारतीय टीम को तुरंत मिला। तीसरे क्वार्टर के 31वें मिनट में भारत को सफलता मिली। 31वें मिनट में भारत को लालरेमसियामी ने पेनाल्टी कॉर्नर दिलाया, लेकिन भारतीय ड्रेग फ्लिकर सटीक शॉट नहीं लगा सकीं। गेंद सर्किल में ही थी और नवनीत की स्टिक से डिफ्लैक्ट होकर दीपिका के पास पहुंची। दीपिका ने इस अवसर का फायदा उठाया

- भारत और दक्षिण कोरिया ने 3-3 बार और जापान ने दो बार जीता है खिताब।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीसरी बार जीती है एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी।
- भारतीय महिला टीम ने वर्ष 2016 और 2023 में भी जीता था यह खिताब।
- भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने सभी मैच (7 मैच) जीते हैं।
- हॉकी इंडिया ने इस ऐतिहासिक विजय के बाद दीपिका को गोल्डन गर्ल की उपाधि दी।

और शानदार फ्लिक से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया।

भारत के पास तीसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना करने का एक और मौका था, लेकिन दीपिका पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल नहीं पाई। मैच में पिछड़ने के बाद चीन की स्ट्राइकरों ने पलटवार करने की कई कोशिशें कीं, लेकिन भारतीय टीम की मजबूत रक्षापंक्ति को भेद नहीं सकीं। चौथे क्वार्टर में भी कोई गोल नहीं हो सका और भारत ने 1-0 से मैच जीत लिया।

दीपिका ने टूर्नामेंट में किए 11 गोल

भारतीय टीम की युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी दीपिका पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में दिखीं। दीपिका ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल दागे। इनमें 4 गोल मैदानी थे, जबकि 6 गोल पेनाल्टी कॉर्नर से किए। दीपिका ने एक गोल पेनाल्टी स्ट्रोक पर दागा है। दीपिका ने थाइलैंड के खिलाफ लीग मैच में 5 गोल दागे हैं। दीपिका की तरह भारतीय टीम की अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को किया क्लीन स्वीप

होबार्ट, ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की शानदार पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को तीसरे टी-20 मैच में 7 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप कर ली है। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम 18.1 ओवरों में महज 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जीत के लिए आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट (2) और जैक फ्रेजर (18) जल्द आउट हो गए। इसके बाद स्टोइनिस ने 27 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 61 रन बनाए तथा अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

इटली ने जीता बिलीजीन किंग कप

मलागा, इटली ने महिलाओं का डेविस कप कहे जाने वाला प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट बिली जीन किंग कप का खिताब जीत लिया है। इटली ने टूर्नामेंट के फाइनल में स्लोवाकिया को 2-0 से हराया। फाइनल के पहले एकल मुकाबले में इटली की लुसिया ब्रोंजेटी ने स्लोवाकिया की विक्टोरिया हुंकाकोवा को 6-2, 6-4 से हराया। इसके बाद दूसरे एकल मुकाबले में इटली की जैस्मिन पोउलिनी ने रेबेका स्रांकोवा को आसान मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

एटीपी फाइनल्स

जेनिक सिनर ने पहली बार जीता खिताब

तुरिन, इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में से एक एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में विश्व के नंबर वन पुरुष टेनिस खिलाड़ी सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया।

अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। सिनर ने मैच में पूरे समय अपना दबदबा बनाए रखा। सिनर ने दोनों सेटों में एक-एक बार फ्रिट्ज की सर्विस ब्रेक की। दोनों सेटों में फ्रिट्ज ने सिनर को टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन सिनर के शानदार खेल के सामने फ्रिट्ज ज्यादा देर तक टिक नहीं सके और दोनों सेट 6-4 की स्कोर लाइन के साथ गवां बैठे। दोनों खिलाड़ियों के बीच इस वर्ष का यह तीसरा मुकाबला था और तीनों बार सिनर ने फ्रिट्ज को मात दी। इससे पहले सिनर ने यूएस ओपन के फाइनल में फ्रिट्ज को हराया था।

- सिनर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले पहले इटेलियन खिलाड़ी हैं।
- इस टूर्नामेंट में पुरुष टेनिस के शीर्ष आठ खिलाड़ी लेते हैं हिस्सा।
- सिनर ने इस वर्ष 70 मैच और 8 एटीपी खिताब जीते हैं, इनमें दो ग्रैंडस्लैम भी शामिल हैं।
- नोवाक जोकोविच ने सबसे ज्यादा सात बार और रोजर फेडरर ने छह बार जीता है एटीपी फाइनल्स खिताब।

आकिब जावेद बने पाकिस्तान के मुख्य कोच

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व गेंदबाज आकिब जावेद को सीमित ओवर प्रारूप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी ने कहा कि अगले वर्ष खेली जाने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी तक आकिब वन-डे और ट्वेंटी-20 प्रारूप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का दायित्व संभालेंगे। आकिब ने पाकिस्तान के लिए 22 टेस्ट और 163 वन-डे मैच खेले हैं।

न्यूजीलैंड के गेंदबाज ब्रेसवेल पर लगा प्रतिबंध

दुबई, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने गेंदबाज डग ब्रेसवेल पर एक महीने का प्रतिबंध लगाया है। बोर्ड ने बताया कि डग ब्रेसवेल को कोकीन के सेवन का दोषी पाया गया था। प्रतिबंध का विवरण न्यूजीलैंड स्पोर्ट इंटीग्रिटी कमीशन ने दिया। कमीशन ने बताया कि न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट मैच खेल चुके ब्रेसवेल को जनवरी 2024 में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट और वेलिंगटन के बीच खेले गए घरेलू ट्वेंटी-20 मैच के बाद जांच में कोकीन सेवन का दोषी पाया गया था।

हार्दिक पंड्या फिर बने ट्वेंटी-20 क्रिकेट के नंबर वन ऑलराउंडर

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नवीनतम ट्वेंटी-20 क्रिकेट रैंकिंग जारी की है। आईसीसी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में भारत के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पंड्या एक बार फिर नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। पंड्या ने ट्वेंटी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन को पीछे छोड़ दिया है।

पंड्या ने इस महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। पंड्या दूसरी बार आईसीसी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में नंबर वन ऑलराउंडर बने हैं। इससे पहले वह इस वर्ष की शुरुआत में भी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर पहुंचे थे।

आईसीसी ट्वेंटी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने लंबी छलांग लगाई है। तिलक बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 72वें स्थान पर थे। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव चौथे और यशस्वी जायसवाल आठवें पायदान पर हैं।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से बेहतर बल्लेबाज बनकर लौटेंगे यशस्वी

मुंबई, भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान रवि शास्त्री ने कहा कि भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के लिए गेमचेंजर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यशस्वी इस दौरे से एक बेहतर बल्लेबाज बनकर लौटेंगे। रवि शास्त्री ने कहा कि अगर यशस्वी पर्थ की चुनौतीपूर्ण पिच पर रन बना लेते हैं, तो सीरीज के बाकी मैचों में सहजता से खेल सकेंगे। उन्होंने कहा कि पर्थ की पिच में काफी उछाल है, लिहाजा यहां खेलना आसान नहीं है। उन्होंने कहा यशस्वी जायसवाल एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं, वह परिस्थिति के अनुसार अपने खेल को ढाल सकते हैं।

मनु, नीरज, हरमनप्रीत और स्मृति को मिला भारतीय खेल सम्मान

मुंबई, ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों सहित अन्य प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए खेल मंत्रालय ने शीर्ष खिलाड़ियों को भारतीय खेल सम्मान (आईएसएच) पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुंबई में आयोजित भारतीय खेल सम्मान के पांचवें संस्करण में मनु भाकर, नीरज चोपड़ा, हरमनप्रीत सिंह और स्मृति मंधाना को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

नीरज बने स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर

समारोह में भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज ने

मनु भाकर | नीरज चोपड़ा | हरमनप्रीत सिंह | स्मृति मंधाना

इस वर्ष पेरिस ओलंपिक में भालाफेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता था। नीरज एथलेटिक्स में लगातार दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

मनु बनीं स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द ईयर

पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाली मनु भाकर को समारोह में स्पोर्ट्स वुमैन ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मनु ने पेरिस ओलंपिक की निशानेबाजी स्पर्धा में भारत को दो पदक दिलाए हैं। मनु ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था, इसके अलावा मनु ने 10 मीटर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।

हरमनप्रीत और स्मृति हुए पुरस्कृत

समारोह में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ी स्मृति मंधाना को भी सम्मानित किया गया। हरमनप्रीत सिंह को टीम स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर चुना गया। हरमनप्रीत सिंह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे। इस वर्ष ओलंपिक सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत सिंह का प्रदर्शन शानदार रहा है। वहीं इस वर्ष स्मृति मंधाना का प्रदर्शन भी बढ़िया रहा। महिला प्रीमियर लीग में स्मृति मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन किया है।

राफेल नडाल ने टेनिस से लिया संन्यास

मलागा, टेनिस के महान खिलाड़ियों में शामिल राफेल नडाल ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। क्ले कोर्ट के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने अपने टेनिस कॅरियर का आखिरी मैच डेविस कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला। डेविस कप क्वार्टर फाइनल में पहले एकल मुकाबले में नीदरलैंड्स के बोटिक वान डि जैंडस्कल्प ने नडाल को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। इस हार के साथ स्पेन डेविस कप से बाहर हो गया और नडाल का टेनिस कॅरियर भी समाप्त हो गया। नडाल टेनिस में दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम (22) खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मिला नाइजीरिया का दूसरा सर्वोच्च सम्मान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया की यात्रा के दौरान नाइजीरिया के दूसरे सर्वोच्च सम्मान *'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर'* से सम्मानित किया गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रतीक स्वरूप अबुजा शहर की चाबी भेंट की गई। यह चाबी नाइजीरियाई लोगों की ओर से भारत के प्रधानमंत्री को दिए गए सम्मान का और विश्वास का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी यह सम्मान प्राप्त करने वाले दुनिया की दूसरी हस्ती हैं। उनसे पहले ब्रिटेन की दिवंगत महारानी एलिजाबेथ को वर्ष 1969 में *'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर'* सम्मान से नवाजा गया था। उल्लेखनीय है कि 17 वर्षों में नाइजीरिया की यात्रा करने वाले श्री मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

भारत और ब्रिटेन अगले वर्ष फिर शुरू करेंगे एफटीए पर वार्ता

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू होगी। इस मुद्दे पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच जी-20 सम्मेलन से अलग हुई एक बैठक में सहमति बनी। दोनों के बीच हुई बैठक के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष एफटीए पर भारत-ब्रिटेन के बीच बातचीत का दौर फिर से शुरू होगा। दोनों नेताओं के बीच यह पहली द्विपक्षीय बैठक थी, बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में आर्थिक अपराध करके ब्रिटेन में पनाह लेने वाले विजय माल्या एवं नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच आर्थिक अपराधियों से जुड़े मामलों को सुलझाया जाना जरूरी है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द करेंगे भारत का दौरा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत दौरे पर आयेंगे। क्रेमलिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों का ऐलान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जुलाई में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मॉस्को में राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था। वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से राष्ट्रपति पुतिन की यह पहली भारत यात्रा होगी। पुतिन ने इससे पहले 6 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया था।

अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालेंगे ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि वह देश से अवैध प्रवासियों को निकालने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल लगायेंगे। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ट्रंप ने पहली बार अवैध प्रवासियों को देश से निकालने की योजना को सार्वजनिक किया है। लाखों की संख्या में अवैध प्रवासियों को खदेड़ने के लिए सेना की मदद ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल लगाने पर राष्ट्रपति को असीमित अधिकार मिल जाते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण सत्रों को किया संबोधित

भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य में से 200 गीगावॉट को प्राप्त किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण सत्रों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सतत विकास और ऊर्जा परिवर्तन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान समूह ने वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना और ऊर्जा दक्षता दर को दोगुना करने का संकल्प लिया था। प्रधानमंत्री ने सतत विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए ब्राजील के निर्णय का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में 40 मिलियन परिवारों को आवास, पिछले पांच वर्षों में 120 मिलियन परिवारों को स्वच्छ पेयजल, 100 मिलियन परिवारों को स्वच्छ ईंधन और 115 मिलियन परिवारों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई है।

वैश्विक विकास समझौते का समर्थन

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला पहला जी-20 देश था, उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसमें से 200 गीगावॉट हासिल किया जा चुका है। उन्होंने भारत द्वारा उठाए गए वैश्विक कदमों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, मिशन लाइफ, एक सूर्य 'एक दुनिया' एक ग्रिड और एक स्थायी प्लेनेट को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ, विशेषकर छोटे द्वीप विकासशील राज्यों की सतत विकास आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए जी-20 से तीसरे वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा घोषित वैश्विक विकास समझौते का समर्थन करने का आग्रह किया।

800 मिलियन लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित किया

प्रधानमंत्री ने 'सामाजिक समावेश तथा भूख और गरीबी के खिलाफ लड़ाई' विषय पर हुए सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" का आह्वान रियो में हुई बातचीत में भी गूंजता रहा है। भूख और गरीबी से निपटने की भारत की पहल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और देश में 800 मिलियन लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने खाद्य सुरक्षा से निपटने में भारत की सफलता के बारे में कहा कि 'मूलभूत बातों पर वापस आना और भविष्य की ओर आगे बढ़ना' पर आधारित दृष्टिकोण परिणाम दे रहा है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए उपायों के बारे में बताया।

जीसैट-एन-2 उपग्रह लॉन्च

स्पेस एक्स के रॉकेट से लॉन्च हुआ इसरो का संचार उपग्रह

अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने फॉल्कन 9 रॉकेट से भारत के संचार उपग्रह जीसैट-एन-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह उपग्रह अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित हो गया है। कक्षा में स्थापित होने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की मास्टर कंट्रोल फैसिलिटी ने इसका नियंत्रण संभाल लिया है। इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने बताया कि जीसैट-एन-2 हाई थ्रूपुट (एचटीएस) संचार उपग्रह को अमेरिका के केप केनवेरल से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। उपग्रह को वांछित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि उपग्रह अच्छी स्थिति में है। एनएसआईएल ने बताया कि भारत का अपना शक्तिशाली रॉकेट मार्क-3 अधिकतम 4000 किलोग्राम तक के उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाने में सक्षम है, जबकि जीसैट-एन-2 का वजन 4700 किलोग्राम है। इसीलिए इस उपग्रह को विदेशी वाणिज्यिक रॉकेट से लॉन्च किया गया है। जीसैट-एन-2 एनएसआईएल का दूसरा मांग आधारित संचार उपग्रह है, जो पूरे देश में ब्रॉडबैंड सेवाओं और विमानों की उड़ान में संपर्क सुविधा को बेहतर बनाएगा।

- इसरो ने पहली बार अमेरिकी प्राइवेट कंपनी की मदद से उपग्रह किया है लॉन्च।
- इस उपग्रह का जीवनकाल लगभग 14 वर्ष का है।
- जीसैट-एन-2 से देश में ब्रॉडबैंड सेवा और बेहतर होगी।

श्रीलंका में राष्ट्रपति दिसानायके के गठबंधन को मिली जीत

श्रीलंका में हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज की है। दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन एनपीपी ने 225 संसदीय सीटों में से 159 सीटों पर जीत दर्ज की है, वहीं विपक्षी नेता प्रेमदासा की पार्टी 40 सीटें ही जीत सकी। यह श्रीलंका के संसदीय चुनाव के इतिहास में सबसे बड़ी जीत में से एक है। चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की श्रीलंका पोदुजना पेरामुना पार्टी को महज तीन सीटें मिली। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद को भंग कर दिया था।

भारत ने रचा इतिहास - हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण

भारत ने आवाज से पांच गुना तेज गति वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके इतिहास रच दिया है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रमों के उन्नत चरण वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। फ्रांस, जर्मनी, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी ऐसी ही प्रणाली विकसित कर रहे हैं। मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उद्योग भागीदारी से स्वदेशी रूप से विकसित किया है। यह मिसाइल 1500 किलोमीटर दूर तक प्रहार कर सकती है।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ओडिशा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास ऐसी सैन्य प्रौद्योगिकी को विकसित करने की क्षमता है। हाइपरसोनिक मिसाइल को आधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, प्रतिरोधक और मारक क्षमता से लैस किया गया है। तेज रफ्तार की यह मिसाइल रडार को चकमा देने में सक्षम है। इसे दुनिया के किसी भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम से मारा नहीं जा सकता।

- यह हाइपरसोनिक मिसाइल ध्वनि से पांच गुना (5 मैक) अधिक गति से करती है प्रहार।
- मिसाइल की न्यूनतम गति 6174 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह क्रूज और बैलिस्टिक दोनों फीचर्स से है लैस।
- यह अलग-अलग पेलोड ले जाने में सक्षम और किसी भी परिस्थिति में ऑपरेशन को अंजाम देने में है सक्षम।
- यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में है सक्षम।

बैलिस्टिक के मुकाबले है ज्यादा ताकतवर

हाइपरसोनिक मिसाइल ऐसी मिसाइल प्रणाली है जो ध्वनि से कई गुना तेज गति से प्रहार करती है। यह मिसाइल प्रणाली बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली से ज्यादा ताकतवर होती है। इस मिसाइल से लंबी दूरी के ठिकानों पर वार किया जा सकता है। तेज गति और कम ऊंचाई के कारण हाइपरसोनिक मिसाइल का पता लगाना काफी मुश्किल है, यह रडार के पकड़ में नहीं आती है।

यूक्रेन ने नॉर्वे के साथ किया रक्षा सहयोग समझौता

यूक्रेन और नॉर्वे ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय की रक्षा खरीद एजेंसी और नॉर्वेजियन डिफेंस मटेरियल एजेंसी के बीच समझौते से दोनों देशों के बीच हथियारों के बाजार, अनुसंधान और सैन्य प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के सैन्य विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने के लिए नॉर्वे की मदद से कीव और ओस्लो में कार्य समूह पहले से ही काम कर रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।